हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री


13 बाजार में उमड़ा जनसैलाब ट्रैफिक ...





14 पीएम के स्वागत की तैयारियों का डिप्टी ...




## खबर संक्षेप

### मारपीट के दो मामलों का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हर्ष सिंह तथा विनीत पनिका की शिकायत पर पुलिस ने तिलक बाघ को गिरफ्तार किया है।



तिलक ने हर्ष के साथ 14 अक्टूबर की रात तथा विनीत के साथ आपसी रंजिश के चलते 15 अक्टूबर को मारपीट की थी। तिलक ने विनीत के पेट पर चाकू से वार किया था।

### किसान ने की चेक बाउंस की शिकायत, केस दर्ज

रायपुर। भिलाई के एक किसान ने एक व्यक्ति के खिलाफ धरसींवा थाना में ठगी की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमल नारायण वर्मा ने लक्ष्य कुमार टंडन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कमल ने पुलिस को बताया कि लक्ष्य ने उससे धान खरीदी की थी। धान खरीदने के बाद लक्ष्य ने उसे एचडीएफसी बैंक का 15 लाख 33 हजार रुपए का चेक दिया था। बैंक में चेक जमा करने पर चेक बाउंस हो गया। इस तरह लक्ष्य ने कमल से धान खरीदी करने के बाद जिस अकाउंट में पैसे नहीं हैं, उस अकाउंट का चेक देकर ठगी की है।

### अंत्यावसायी विभाग का अधिकारी दोषमुक्त

रायपुर। कवर्धा कलेक्टोरेट में जिला अंत्यावसायी विभाग के सेवानिवृत्त प्रभारी कार्यपालन अधिकारी को हाईकोर्ट ने बैगा युवक से 20 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। शिकायत के आधार पर एसीबी ने 17 जनवरी 2019 को दीपक नामदेव के कार्यालय में छापे की कार्रवाई की थी। दीपक ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में एसीबी की कार्रवाई को चुनौती दी। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद दीपक को दोषमुक्त करार दिया।

### स्कूल में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर। सिविल लाइंस थाना में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की सचिव शशि बाघे ने निनित लारेंस तथा अन्य 13



लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सालेम स्कूल की शिक्षिका प्रीति यादव ने शशि बाघे तथा अन्य आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर बलवा तथा अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज की है। घटना शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे सालेम स्कूल की है।

### जुआ खेलने और गाली-गलौज से रोकने पर पिटाई

रायपुर। ग्राम नरसिंगपुर (घोंट) थाना आरंग निवासी एक युवक ने कुछ युवकों पर जुआ खेलने से रोकने के दौरान गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक ने बताया कि घर लौटते वक्त रास्ते में उन्हें कुछ लोग जुआ खेलते और आपस में गाली गलौज करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने इनका विरोध किया और जुआ खेलने से रोका, जिसके बाद जैसे ही वह अपने घर भाठापारा की ओर बढ़े, नाला पुल के पास ठाकुर राम निषाद, सूरज निषाद, मुन्ना यादव और अन्य लोग उनके सामने आ गए। युवक से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में युवक के सिर तथा दाहिने हाथ की कलाई और अंगुली में चोटें आईं। आरंग ने बताया कि युवक की शिकायत दर्ज कर ली गई है और घटना की जांच की जा रही है।

# ट्रेनों के जनरल कोच फुल, चादर से बना झूला, थर्ड एसी में भी स्लीपर कोच जैसी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दीपावली पर घर लौटने की जद्दोजहद में ट्रेन से सफर करना दिनों-दिन और मुश्किल होता जा रहा है। हर दिन भीड़ का नज़ारा और भयावह हो रहा। वेटिंग लिस्ट के यात्रियों की संख्या इतनी अधिक हो गई है कि इकोनॉमी और थर्ड एसी कोच भी अब स्लीपर कोच की तरह भरने लगे हैं। वहीं स्लीपर कोच में भीड़ जनरल कोच जैसी हो चुकी है।

रेलवे ने ट्रेनों में भीड़ को काबू करने के लिए वेटिंग टिकट की संख्या सीमित कर दी है, बावजूद इसके 20 से 40 फीसदी तक यात्री बिना कन्फर्म टिकट के यात्रा कर रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 18 पर

## रायपुर स्टेशन पर भी यात्रियों की संख्या 60 हजार से एक लाख पहुंची

### 1 लाख तक पहुंच रही यात्रियों की आवाजाही

इधर स्टेशनों पर दिवाली की भीड़ अब डरावनी लगने लगी है। आम दिनों में जहां 50 से 60 हजार यात्रियों की आवाजाही होती थी, वहीं त्योहारी सीजन में यह संख्या 1 लाख के करीब पहुंच चुकी है। इन दिनों सारनाथ, छत्तीसगढ़, बरौनी एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के स्टेशन पर रुकते ही इतनी भीड़ गेट पर जमा हो जाती है कि 10 से 15 मिनट के स्टॉपेज में भी कई यात्रियों के लिए कोच में चढ़ना मुश्किल हो जाता है।



- दीपावली पर घर जाने ट्रेनों में दोगुने हुए यात्री, सिर्फ स्पेशल ट्रेनों में भीड़ कम
- एक सीट पर 6 यात्री बैठने को मजबूर

### स्लीपर और एसी कोच में ठसाठस भीड़

रविवार को समता, अमरकंटक व छत्तीसगढ़, सारनाथ, साउथ बिहार समेत संपर्क क्रांति और हावड़ा-मुंबई समेत अहमदाबाद में भी वेटिंग 100 से अधिक देखने को मिली। रायपुर से दिल्ली रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं। दिन में 5 ट्रेन होने के बावजूद ट्रेनों में वेटिंग सूची 80 के पार ही होती है। शनिवार को समता एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी ठसाठस भीड़ रही। कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी थी कि एक सीट पर आठ यात्रियों को बैठकर सफर करना पड़ा। आमतौर पर लंबी सीट में 4 यात्री बैठते हैं। कन्फर्म टिकट के यात्रियों को भी अपनी सीट में पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ अधिक होने से चेन पुलिंग भी हुई। जनरल और स्लीपर में यात्रियों ने कपड़े से झूला बनाकर सफर किया। ट्रेनों में यह स्थिति तीन दिनों तक बनी रहेगी।

## गुणवत्ता का पता लगाने सावधानी बरतना बेहतर

# राजधानी रायपुर में बिकेंगी 20 करोड़ से अधिक की मिठाइयां, सैंपल लिए केवल 92, रिपोर्ट तीन महीने बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

इस बार दिवाली पर केवल रायपुर जिले में 20 करोड़ की मिठाई बिकने की संभावना है। इनकी गुणवत्ता की जांच करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम केवल 92 तरह की मिठाइयों के नमूने जांच के लिए उठा पाई है। इनकी रिपोर्ट आने में तीन महीने और लापरवाही पर दंड के लिए सालभर का वक्त लग जाएगा। ऐसे में अगर मिलावटी मिठाई बिकती भी है तो उसे रोकने का कोई इंतजाम नहीं है।

जिले में मिठाइयों की एक हजार के लगभग छोटी-बड़ी दुकानें हैं। इन दुकानों में दिवाली में लगभग 20 करोड़ का कारोबार होता है। यहां बिकने वाली मिठाइयों सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के लिए दर्जनभर खाद्य निरीक्षक औपचारिकता पूरी करते हैं। इस बार भी दिवाली में कुछ ऐसा ही हुआ है। जांच करने वाली टीम द्वारा खोवा, बेसन, छेना, मैदा सहित ड्राई फ्रूट के उपयोग से बनी मिठाइयों के साथ अन्य खाद्य पदार्थ के कुल 92 सैंपल लिए गए हैं। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच के लिए लैब भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के लिए दो से तीन माह तक इंतजार करना होगा। कई बार मिलावट अथवा निर्धारित मानकों को नजर अंदाज कर बनाया गया खाद्य पदार्थ लोगों की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच स्वयं करने की आवश्यकता है।

### सावधान रहें, सतर्क रहें...




### ऐसे करें जांच

- मावा/खोवा- इसे पानी में घोलकर आयोडीन की कुछ बूंदे डालें। स्टार्च मिले खोवा का रंग नीला या कोला होगा। असली मावा नरम, दानेदार और अच्छी महक वाला होता है।
- पनीर- असली पनीर नरम होने के साथ हाथ में फैलता है, नकली पनीर भुरभुरा और सख्त होता है। पनीर में सिंथेटिक, मिल्क पावडर, पाम ऑयल, बेकिंग पावडर मिलाने की आशंका है।
- बहुत चमकीली, बहुत सस्ती या बहुत महकदार मिठाई...संदेह को जन्म देती हैं।
- घी- एक चम्मच घी में आधा चम्मच नमक और हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिलाएं। आधे घंटे बाद यदि रंग बदल जाए, तो घी मिलावटी है। हाथ पर रगड़ें असली घी पिघलेगा, खुशबू दे देगा।
- सरसों का तेल- सरसों के तेल को 5-6 घंटे के लिए फ्रीज में रखें। यदि तेल में सफेद रंग के अंश जम जाते हैं, तो यह मिलावटी है।
- रंगीन मिठाई, पेड़ा, जलेबी बर्फी: कोई रंग ज्यादा चमकीला दिखे तो संदेह करें। पानी में टुकड़ा डालें, रंग छोड़ दे तो सिंथेटिक कलर है

### अमानक खाद्य पदार्थ नष्ट

एफडीए सर्विलांस एवं विधिवत नमूना लेने के साथ चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जिले के विभिन्न स्थलों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की स्पॉट पर ही जांच करती रही। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में बिकने वाली मिठाइयों, नमकीन सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई। टेस्टिंग के दौरान अमानक पाए गए सेव नमकीन, दही, मावा, मिल्क के अलावा बेसन के लड्डू और बूंदी नष्ट कराया गया। इस तरह के अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों को भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी गई।

### नहीं मिला बड़ा मामला

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम हर क्षेत्र की निगरानी तो करती रही, मगर पनीर, खोवा, कुंदा जैसे खाद्य पदार्थों का कोई बड़ा मामला हाथ नहीं लगा। पूर्व में रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड में पनीर और मावा के मामले पकड़े जा चुके हैं। इस बार त्योहार से पहले जांच के दावे करने वाली विभागीय टीम के हाथ कुछ नहीं लगा है। राज्य की सर्विलांस टीम भी जांच करने के नाम पर केवल दुकानों से सैंपल उठाती रह गई, जबकि दिवाली में मिठाइयों की डिमांड को देखते हुए यहां कई टन मावा का उपयोग किया गया।

### जले तेल पर भी विभाग ठंडा

खाद्य तेल के ज्यादा उपयोग से कैंसर सहित अन्य बीमारी होने की आशंका के बाद भी इसकी जांच के लिए जिम्मेदार ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। शहरी इलाकों में लगाए जाने वाले ठेले खोमचे में खाद्य तेल का उपयोग तलने के लिए कई बार किया जाता है। कुछ समय पहले ऐसे तेल को जब्त करने के लिए अभियान में चलाया गया था। बाद में विभागीय आदेश की वजह से उसे बंद कर दिया गया था।

## एक्सीडेंट के बाद धमकी से सहमे युवक ने की खुदकुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रोड एक्सीडेंट के बाद गाड़ी बनवाने 15 हजार रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी से सहमे युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस युवक ने मृतक को जान से मारने की धमकी दी थी, पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। घटना तीन दिन पूर्व 16 अक्टूबर को उरला थाना क्षेत्र की है।

- धमकी देने वाला युवक गिरफ्तारी के बाद थाना से हुआ फरार
- घटना उरला थाना क्षेत्र की, आरोपी युवक की पुलिस कर रही पतासाजी

बिरगांव, मठपारा निवासी राहुल विश्वकर्मा ने खुदकुशी की है। राहुल के साथ सड़क हादसे के बाद विवाद तथा मारपीट करते हुए फैज अली, ताजुद्दीन खान और छोटे उर्फ सैफुद्दीन खान ने 15 हजार रुपए की मांग की थी। पैसा नहीं देने पर लड़कों ने राहुल को जान से मारने की धमकी दी थी। धमकी से डरे राहुल ने घटना दिनांक को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी ▶▶|शेष पेज 18 पर

### हाथों से हथकड़ी खिसकाकर फरार

घटना की जानकारी मिलने पर सैफ को पकड़कर पुलिस थाने लेकर पहुंची। सैफ फरार न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने उसे हथकड़ी पहनाया। देर रात सैफ ने अपने हाथ में लगी हथकड़ी खिसका ली और थाने से फरार हो गया। सैफ की पतासाजी करने उसके छिपने के संबंधित ठिकानों में पुलिस छापेमारी कर रही है

# स्मॉग टावर प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में

## 6 साल पहले प्रदूषित हवा को शुद्ध करने लगाने थे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटाखा, धूल, सड़कों की खुदाई तथा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला धुंआ के कारण राजधानी रायपुर की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है, जिसका असर मानव जीवन पर भी पड़ रहा है। इससे खांसी, गले में खराश, सांस फूलना, अस्थमा जैसे रोग से लोग ग्रसित हो रहे हैं। इधर शहर में वायु में बढ़ते प्रदूषण की चिंता करते हुए इसे कम करने के लिए 6 साल पहले केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड ने 4 स्मॉग टावर स्थापित करने के निर्देश दिए थे, जिसके लिए राशि को मंजूरी भी दी गई थी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है।

### हॉट स्पॉट ही चिन्हांकित नहीं कर पाए अफसर

रायपुर में स्मॉग टावर लगाने के लिए रायपुर में सबसे ज्यादा प्रदूषित 14 हॉट स्पॉट को चिन्हांकित किया जाना था। इनमें से 4 स्पॉट पर स्मॉग टावर लगाए जाने थे। इसकी जिम्मेदारी आईआईटी के अफसरों को सौंपी गई थी। इन्हें हर मौसम में हॉट स्पॉट की स्थिति जांच करने के साथ ड्राइंग डिजाइन तैयार कर इसकी रिपोर्ट प्रशासन को देना है। इस तरह रिपोर्ट और ड्राइंग डिजाइन के अनुसार ही स्मॉग टावर लगाने का काम किया जाना था, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह रिपोर्ट ही नहीं बनाई गई है।



फाइल फोटो

### दीपावली में और बढ़ेगा प्रदूषण

दीपावली में पटाखों के कारण वायु प्रदूषण में और वृद्धि होगी, जिससे मानक का स्तर और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। शहर में लगातार वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ने के बावजूद इसे कम करने की दिशा में नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पर्यावरण विभाग के अफसर गंभीर नहीं हैं।

### इस तरह काम करेगा स्मॉग टावर

बड़े स्मॉग टावर की ऊंचाई करीब 24 मीटर होती है। 18 मीटर कंक्रीट टावर और उसके 6 मीटर ऊपर छत पर मशीनें लगाई जाती हैं। इसमें 40 पंखे भी लगाए जाते हैं, जो चारों तरफ 10-10 की तादाद में लगते हैं। टावर के अंदर दो परत में पांच हजार फिल्टर लगे होते हैं। बताया जाता है, प्रत्येक टॉवर की 25 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड हवा को साफ करने की क्षमता होती है।

### मानक का स्तर 200 से अधिक

वायु में सूक्ष्म कण जिन्हें पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) कहा जाता है। पीएम 2.5 का मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार पीएम 10 का मानक 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए, जबकि सूत्र के अनुसार शहर में कई जगह पर मानक 100 से लेकर 250 तक पहुंच गया है।

### साढ़े चार करोड़ की लागत से शहर के चारों दिशाओं में लगने थे स्मॉग टावर

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड ने वर्ष 2019-20 में रायपुर शहर में वायु प्रदूषण की जांच कराई थी। इस जांच में प्रदूषण की रिपोर्ट पर बोर्ड ने चिंता जाहिर करते हुए शहर में 4 स्थानों पर बड़े स्मॉग टावर लगाने के निर्देश दिए थे, साथ ही लगभग 14 हॉट स्पॉट पर मशीनों से प्रदूषित हवा को साफ करने का प्रोजेक्ट बनाने कहा था। केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड के निर्देश पर प्रशासन ने प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्ताव बनाया था। इस प्रस्ताव के तहत 15वें वित्त आयोग के मद से लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी गई थी, वहीं स्मॉग टॉवर लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन को एजेंसी बनाया गया है। सूत्रों से यह भी जानकारी सामने आई है कि नगर निगम के बाद स्मॉग टावर लगाने की जिम्मेदारी जिला पर्यावरण विभाग को सौंप दी गई थी। हालांकि इस मामले में अब नगर निगम और पर्यावरण विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### स्पेशल एजुकेटर के आवेदनों की जांच पूरी दावा आपत्ति 22-23 तक

रायपुर। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 13 अक्टूबर तक प्राप्त समस्त आवेदनों का परीक्षण विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मानदंडों एवं शर्तों के अनुसार किया गया। परीक्षण उपरांत प्राप्त आवेदनों में से स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक) पद के लिए 262 आवेदन मान्य एवं 931 आवेदन अमान्य पाए गए, वहीं स्पेशल एजुकेटर (उच्च प्राथमिक) पद के लिए 551 आवेदन मान्य एवं 811 आवेदन अमान्य पाए गए तथा स्पेशल एजुकेटर (माध्यमिक) पद के लिए 247 आवेदन मान्य एवं 633 आवेदन अमान्य पाए गए। इस प्रकार कुल 3435 आवेदनों में से 1060 आवेदन मान्य एवं 2375 आवेदन अमान्य घोषित किए गए हैं। आवेदन पत्रों से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार या दावा-आपत्ति 22 एवं 23 अक्टूबर को स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कट्टे की नोक पर पत्नी के पैरों में नाक रगड़वाई, युवक को बदमाशों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने कट्टे की नोक पर एक युवक की पत्नी के पैर चुमवाने के साथ दोस्तों के साथ मिलकर उसकी बुरी तरह से पिटाई की। हिस्ट्रीशीटर ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

- युवक को पीटने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

वीडियो में तीन से चार बदमाश, युवक को लकड़ी के बत्ते के साथ लोहे की रॉड से पीठ पर मारते दिख रहे हैं। विक्की खोचड़ नाम का युवक अपनी पत्नी तथा दोस्तों के साथ मिलकर रानू सिंह की बेरहमी ▶▶|शेष पेज 18 पर



### मुखबिरी के शक में पिटाई

घटना न्यू शांतिनगर श्मशान घाट की है। पीड़ित युवक, विक्की के सामने हाथ जोड़कर कहता दिख रहा है कि भाई आपके कहने पर वह वहां पहुंचा है, प्लीज मुझे मत मारो। इस पर हिस्ट्रीशीटर ने रानू को अपनी नाक से पत्नी के पैर रगड़ने के साथ चूमने के लिए कहा। ऐसा करने के बाद मौके पर मौजूद अन्य बदमाश रानू की बुरी तरह से पिटाई करते हैं। विक्की, रानू को जेब में रखा कट्टा दिखाकर डराते हुए कहता है कि उस पर कई केस चल रहे हैं, उसका पुलिस भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती। रानू हाथ जोड़कर विक्की को पुलिस के पास मुखबिरी नहीं करने की बात कहते हुए अपनी मां की कसम खाता दिख रहा है। बदमाशों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने पतासाजी कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## नर्सिंग का एडमिशन, बीएससी की करीब 1200 अपग्रेड सीटों को भूला विभाग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार दिवाली के बीच नर्सिंग कालेजों में बीएससी सहित तमाम नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहले राउंड में प्रवेश के लिए 19 से 22 अक्टूबर की तारीख तय की है। इस बार बीएससी की अपग्रेड हुई 1200 सीटों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया है। यह उन 26 कालेजों की सीट है, जो जीएनएम को अपग्रेड कर अपनी बीएससी की सीटों की संख्या बढ़ाई थी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची जारी करने के साथ बीएससी, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग तथा साइकियाट्रिक नर्सिंग में प्रवेश की तारीख घोषित है। प्रवेश प्रक्रिया रविवार 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर यानी दिवाली के दौरान पूरी करने का शेड्यूल जारी किया है। त्योहार के बीच शासकीय और निजी कालेजों में प्रवेश का काम पूरा करने पर भी ▶▶|शेष पेज 18 पर

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर किया हमला

रायपुर। शहर में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला किया गया। मामला थाना आजाद चौक क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घायल भोला निषाद निवासी कोटा, कोटेश्वर मंदिर के पास रहने वाला है। भोला बीती रात ठाकरे चौक रामकुंड में बीती रात खड़ा था, तभी वहां आरोपी पालू उर्फ सत्यम नेताम निवासी शाकम्बरी मंदिर के पास, रामकुंड अपने साथी के साथ पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा, जब भोला ने उसे रोका तो आरोपी भड़क उठा और जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


PCGRERA 121021001281
ASHA
PRIDE CITY
PROJECT BY..
MAKER BUILDERS & DEVELOPERS
K.L.SAHU
अपना मकान, अपना प्लॉट,
अपने बजट में...
book now
APPROVED RERA APPROVED TNC APPROVED
मार्केट, पेट्रोल पंप, स्कुल, बैंक, हॉस्पिटल सभी 5 से 6 कि.मी. की दुरी में
DIWALI SPECIAL
धन वर्षा ऑफर
पाये सोना चांदी, टी.वी.,
टू व्हीलर, विदेश यात्रा,
5 सितारा होटल में 2 दिन स्टे
BANK FINANCE AVAILABLE
गूगल लोकेशन के लिए स्कैन करें
Rcc Road
Community Hall
Children Play Garden
Decorative Street Light
Covered Campus
24x7 Water Supply
Underground Electricity Fitting
Water Tank 1 Lakh Ltr. Over Head
Land Scape Garden
Underground Drainage & Sewerage
● निवेशकों की पहली पसंद सांकरा अम्लेश्वर अब तक 500 करोड़ से अधिक निवेश,
● सरकारी बड़ा निवेश मोतीपुर चौक में हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटि
● आयुर्वेदिक दवाईयों का S. E. Z. , रिलॉयन्स का बड़ा निवेश जामगांव के पास
अब आप की बारी, मौका चूक न जाए तुरन्त साईट विजिट कर प्लॉट बुक करें
मार्केट, पेट्रोल पंप, स्कुल, बैंक, हॉस्पिटल सभी 5 से 6 कि.मी. की दुरी में
Amleshwar, Patan Road, Raipur (C.G.)
9827116968, 9898003682
*T&C APPLY कंपनी किसी भी वक्त बिना सूचना दिये ऑफर समाप्त कर सकती है

## खबर संक्षेप

### विशेष बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट, बिरगांव केंद्र में शनिवार को दीपावली का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद विशेष बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और एकता की भावना का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसके बाद बच्चों द्वारा सुंदर दीयों को सजाया, रंग-बिरंगी रंगोली बनाई और प्रकाश, सकारात्मकता एवं समावेशिता का संदेश फैलाया। बच्चों ने संस्थान को रंगीन सजावट और हस्तशिल्प सामग्री से सजाया, जो उनकी रचनात्मकता और मेहनत को दर्शाता है। आकांक्षा संस्थान के शिक्षकों ने बच्चों को दीपावली के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन मिठाई और उपहार वितरण के साथ किया गया।

## निधन

### चमेली दुबे



**रायपुर।** डोंगरगांव निवासी चमेली दुबे का 17 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अक्टूबर को स्थानीय श्मशानघाट में किया गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्णकुमार दुबे की पत्नी और राजकुमार दुबे, राकेश दुबे की माता थीं।

### भगवंती दरड़ा



**रायपुर।** समृद्धि सागर अपार्टमेंट अमलीडीह निवासी भगवंती दरड़ा का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट जाएगी। वे सुशील दरड़ा की मां, हर्ष दरड़ा की दादी थीं।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन के सख्त निर्देश- रोक लगाने के साथ एफआईआर करें, अफसर सिर्फ दे रहे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन के सख्त निर्देश जारी किए जाने के बाद भी रायपुर नगर निगम सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग के बड़े खेल चल रहे हैं। नगर निगम और प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम इसकी सूचना पर मिलने पर लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक भी लगा रही है, लेकिन यह कार्रवाई खानापूर्ति से कम प्रतीत नहीं होती, क्योंकि इस मामले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध अब एफआईआर ही नहीं कराई जा रही। पिछले दो महीने में जिले में अवैध प्लाटिंग से संबंधित दो दर्जन से अधिक जगहों पर राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई की है, लेकिन इनमें से एक भी प्रकरण में प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर नहीं कराई गई।

### जोन 10 क्षेत्र के 93 प्रकरणों में होना है एफआईआर

नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 300 से ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें सर्वाधिक जोन-10 क्षेत्र के हैं, जिसमें से करीब 93 प्रकरणों में एफआईआर कराने के लिए संबंधित थाना मुजगहन एवं टिकरापारा में आवेदन भी जोन कार्यालय की ओर से भेजे जा चुके हैं, लेकिन इनमें से अभी तक एक प्रकरण में भी एफआईआर नहीं हो पाई है।



### नोटिस जारी कर खानापूर्ति

अवैध प्लाटिंग के ज्यादातर प्रकरणों में राजस्व विभाग के अफसर अवैध प्लाटिंग कौन करा रहा था, इसका पता ही नहीं लगा पाते। अगर पता लगा भी लेते हैं, तो खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध सिर्फ नोटिस जारी किया जाता है। इस नोटिस का कई लोग जवाब तक नहीं देते। इस तरह मामले की फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इधर कई केस में यह भी देखा गया है कि राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद भी भूमि मालिक या भू-माफिया उसी भूमि पर अवैध प्लाटिंग का कार्य दोबारा शुरू कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में डूमरतराई क्षेत्र में सामने भी आया है। यहां कुशाभाउ ठाकरे परिसर मुख्य गेट के सामने राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई कर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई थी, लेकिन इस कार्रवाई के दूसरे दिन ही यहां दोबारा काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद दोबारा यहां कार्रवाई ही नहीं की गई।

### सैकड़ों प्रकरण थानों में डंप, जिनमें होनी है एफआईआर

अवैध प्लाटिंग के सैकड़ों प्रकरणों में एफआईआर के लिए आवेदन जिले के विभिन्न थानों में भी डंप हैं। इन आवेदनों में पुलिस को एफआईआर करना है, लेकिन राजस्व विभाग की ओर से भूमि से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन प्रकरणों पर एफआईआर नहीं हो पा रही है।

## पर्व के अवसर पर व्यस्त के साथ खाली मार्गों पर भी लग रहा जाम

# बाजार में उमड़ा जनसैलाब, ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, सिस्टम हुआ फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली पर खरीदारी करने वालों की भीड़ बाजार में बढ़ने से ट्रैफिक जाम से निपटने ट्रैफिक पुलिस ने कई दावे किए थे, लेकिन सब फेल हो गए। शहर के बाजारों के साथ अन्य जगहों पर पिछले तीन दिन से लग रहे ट्रैफिक जाम ने यातायात पुलिस के सभी दावों की पोल खोल कर रख दी है। कई दुकानदार दुकान से बाहर सामान निकालकर बेचते देखे जा रहे हैं। इसके अलावा सदर बाजार, मालवीय रोड जिसे पर्व के समय पर ऑटो रिक्शा तथा चारपहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, उन मार्गों पर धड़ल्ले से ई-रिक्शा के साथ चारपहिया वाहन घुस रहे हैं। इससे जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

■ **अवंति विहार जाने नाला के पास बने ब्रेकर की वजह से लग रहा जाम**

शहर के प्रमुख बाजारों में पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घूम रही है, बावजूद इसके ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक जाम होने से नहीं रोक पा रही है। लोगों की दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से लोग अपने दोपहिया वाहन पार्क कर खरीदारी करने जा रहे हैं।



### व्हील हैंगर से बढ़ी परेशानी

मालवीय रोड में कपड़ों के साथ अन्य सामान बिक्री करने एक दर्जन से ज्यादा छोटे कारोबारी व्हील हैंगर में माल लटकाकर घूम-घूम कर बेचने का काम कर रहे हैं। इससे भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को देख वे कारोबारी व्हील हैंगर को पैदल चलते हुए दूसरी जगह पहुंच जाते हैं।

### ब्रेकर की वजह से लग रहा जाम

अवंति विहार जाने के मार्ग पर नाला के पास ब्रेकर बनाया गया है। ब्रेकर पार करने लोग गाड़ी की रफ्तार कम करते हैं। इससे इस मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। जाम में लोग 20 से 30 मिनट तक फंसते रहे। ब्रेकर की वजह से इस मार्ग पर पर्व के साथ सामान्य दिनों में भी जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### वाहन पार्किंग के दावे फेल

ट्रैफिक पुलिस ने बाजार में ट्रैफिक दबाव कम करने शहर के प्रमुख बाजारों में सामान खरीदने आने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग के लिए नौ स्थान चयन किए थे। जिन जगहों को वाहन पार्किंग के लिए चयन किया गया था, उनमें से गिनती की जगहों पर लोग वाहन पार्क करते देखे गए। दोपहिया वाहन चालक पार्किंग स्थल छोड़कर जहां सामान खरीदने जा रहे थे, वहीं अपना वाहन पार्क कर खरीदारी करने पहुंचे। इस वजह से भी शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी।

### जहां कभी जाम नहीं लगता था, वहां भी बाधित हो रहा मार्ग

शहर में जाम की हालत ऐसी है कि जहां कभी जाम नहीं लगता, इस दीपावली उन स्थानों में भी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। उदाहरण के तौर पर सुंदरनगर से डगनिया जाने वाले मार्ग में जहां कभी जान नहीं लगता। धनतेरस के दिन वहां जाम के हालात रहे। जाम लगने की बड़ी वजह रोड डिवाइडर का जगह-जगह खुला होना है। इस वजह से लोग जहां डिवाइडर खुला है, वहां से निकल रहे हैं। इसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसी तरह से अमलीडीह जाने वाले मार्ग पर सड़क घेरकर पटाखा के साथ बर्तन दुकान लगाई गई है। इस वजह से अमलीडीह मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

# डीके का बर्न यूनिट तैयार, हेल्थ सेंटरों में तीन दिन की इमरजेंसी, मरीज निराश लौटे तो कार्रवाई की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली के दौरान पटाखों से झुलसने वालों के उपचार के लिए डीके अस्पताल के बर्न यूनिट को अलर्ट किया गया है। इसी तरह जिले के तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिन इमरजेंसी के हिसाब से डाक्टरों सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें चेतावनी दी गई है कि आने वाले मरीज जरूरी इलाज के बिना लौटते हैं, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

त्योहार के मद्देनजर आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा और नेत्र रोग विभाग में भी आने वाले मरीजों के उपचार के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां रोस्टर के आधार पर डाक्टरों की ड्यूटी लगाने के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती भी की गई है। पटाखों के इस त्योहार में थोड़ी चूक के दौरान लोग झुलस जाते हैं। इसे ध्यान रखते हुए डीके हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डाक्टरों की तैनाती की गई है। हास्पिटल के आपात कालीन विभाग के डाक्टरों को भी निर्देशित किया गया है कि आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी अगले तीन दिन तक आपातकालीन सेवा को अलर्ट रखा गया है। यहां आने वाले अन्य मरीजों के साथ प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं का विशेष ध्यान रखने को निर्देशित किया गया है। चेतावनी दी गई है कि मरीजों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं की जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

■ **आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा के साथ नेत्र विभाग में भी विशेष इंतजाम**

## बिजनेस साइट

### डॉ. सुनील कालड़ा करेंगे पटाखों से झुलसे लोगों का निशुल्क उपचार



**रायपुर।** दिवाली के दौरान पटाखों से झुलसने वाले मरीजों की सहायता के लिए रायपुर के प्रसिद्ध प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा 20 व 21 अक्टूबर को निशुल्क प्राथमिक उपचार और परामर्श देंगे। यह सेवा कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक एवं बर्न सेंटर, पचपेड़ी नाका और जीई रोड स्थित अस्पताल में उपलब्ध होगी। डॉ. कालड़ा ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखों को सावधानीपूर्वक जलाएं और बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें। साथ ही जलने पर तुरंत ठंडा पानी डालने की सलाह दी है। ज्ञात हो कि डॉ. कालड़ा पिछले 35 वर्षों से पटाखों से झुलसे मरीजों का निशुल्क इलाज कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। उन्होंने आग्रह किया कि दिवाली पर मिठाई के बजाय पौधे उपहार में दें, जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

### छत्तीसगढ़ में होंडा ने रचा इतिहास, बनी नंबर 1 टू-व्हीलर कंपनी



**रायपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इस फेस्टिव सीजन में छत्तीसगढ़ के टू-व्हीलर बाजार में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 35% मार्केट शेयर के साथ होंडा अब राज्य की नंबर 1 टू-व्हीलर कंपनी बन गई है। कंपनी की लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा और मोटरसाइकिल शाइन, एसपी 125 और डीओ की जबरदस्त बिक्री ने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। होंडा ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास ऑफर्स, आसान फाइनेंस स्कीम और एक्सचेंज बेनिफिट्स पेश किए, जिससे रिटेल बिक्री में बड़ा उछाल आया। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, यह उपलब्धि हमारे उपभोक्ताओं के विश्वास और हमारी गुणवत्ता का प्रमाण है। हम आगे भी बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स ने रचा भरोसे का नया इतिहास



**रायपुर।** त्योहारों के दौर में जहां हर ज्वेलर्स ग्राहकों को लुभाने के लिए भारी ऑफर और छूट का सहारा ले रहे हैं, वहीं कोतवाली चौक व हलवाई लेन स्थित शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स ने सिर्फ शुद्धता और ईमानदारी को अपनी पहचान बनाया है। शिवराजजी और धरमचंद भंसाली का कहना है कि सच्चे गहनों की असली चमक उनकी गुणवत्ता में होती है, न कि दिखावटी ऑफर्स में। वर्षों से प्रतिष्ठान सोना, चांदी, डायमंड और कुंदन जड़ित आभूषणों की विश्वसनीय दुकान के रूप में जाना जाता है। यहां हर गहना हॉलमार्क व सर्टिफिकेट सहित मिलता है, जो ग्राहक को देता है भरोसा। अनिल भंसाली जी ने अपील की कि 'ऑफर नहीं, शुद्धता को प्राथमिकता दें।'

### एनटीपीसी में राष्ट्रीय तीरंदाजी अकादमी की स्थापना हेतु त्रिपक्षीय समझौता



**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी की स्थापना के लिए एनटीपीसी, एनआरएएनवीपी और छत्तीसगढ़ खेल विभाग के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एनटीपीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस परियोजना को 68.20 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास सेक्टर-3 में यह अकादमी 13.47 एकड़ भूमि पर निर्मित होगी। इसमें 30 लेन की आउटडोर रेंज, वातानुकूलित इंडोर सुविधा, डिजिटल स्कोरबोर्ड, हाईमास्ट लाइटिंग, खिलाड़ियों के लिए छात्रावास सहित अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एनटीपीसी के दिवाकर कौशिक, एनआरएएनवीपी के सीईओ चंदन कुमार और खेल निदेशक तनूजा सलाम ने परियोजना को खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर बताया। साथ ही, जशपुर में ग्रासरूट अकादमी के लिए 20.53 करोड़ की सहायता की भी घोषणा की गई।

### सिपेट रायपुर का 'ग्रीन पैकेजिंग में एमएसएमई के लिए अवसर' विषय पर कार्यशाला



**रायपुर।** सिपेट रायपुर द्वारा 15 अक्टूबर को होटल अवाना में 'ग्रीन पैकेजिंग में एमएसएमई के लिए अवसर और व्यावहारिक तरीके' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, राजनांदगांव के सहयोग से भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सानु वर्गीस सहित विभिन्न विभागों और संस्थानों के विशेषज्ञों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सिपेट रायपुर के प्रमुख डॉ. आलोक साहू ने स्वागत भाषण में कार्यशाला के उद्देश्य व सिपेट की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रेहान अली एवं मोहम्मद सादिक ने ग्रीन पैकेजिंग की तकनीकी संभावनाओं पर विचार साझा किए। डॉ. राजश्री विजयवर्गीय ने बायोडिग्रेडेबल सामग्री की उपयोगिता व परीक्षण विधियों की जानकारी दी।

### यूको बैंक और सीजीएसआरएलएम के बीच समझौता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और यूको बैंक के बीच राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों को उद्यम वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर मिशन निदेशक अश्विनी देवांगन (आईएएस) और यूको बैंक की क्षेत्रीय प्रमुख वीणा कुमारी ने हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत यूको बैंक ने 'यूको नारी समृद्धि योजना' की शुरुआत की है, जो विशेष रूप से महिला एसएचजी उद्यमियों के लिए तैयार की गई है। योजना का उद्देश्य ऋण प्रक्रिया को सरल बनाना, दस्तावेजी जटिलताओं को कम करना और शीघ्र वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

### हर हाथ बने जीवन रक्षक : भाठागांव बस टर्मिनल में सीपीआर जागरूकता अभियान



**रायपुर।** उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल और कॉम्पोजिट हॉस्पिटल सीआरपीएफ के संयुक्त प्रयास से शनिवार को भाठागांव स्थित बस टर्मिनल में सीपीआर जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि कमांडेंट डॉ. राजेश गर्ग और अध्यक्षता कर रहे डॉ. विनोद कुमार सिंह (मेडिकल डायरेक्टर, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल) ने इस पहल की शुरुआत की। कार्यक्रम में डॉ. जिनेश जैन, डॉ. शालिनी सोरेंग सहित अन्य विशेषज्ञों ने आमजन को डमी मॉडल पर सीपीआर तकनीक सिखाई। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा, सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है, जिसे हर नागरिक को सीखना चाहिए। बस स्टैंड के सैकड़ों कर्मचारियों और नागरिकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया और इसे जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। कार्यक्रम का समापन 'हर हाथ बने जीवन रक्षक' संकल्प के साथ हुआ। यह अभियान उर्मिला फाउंडेशन की सामाजिक स्वास्थ्य श्रृंखला का हिस्सा है, जो आने वाले दिनों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जारी रहेगा।





सिटी लाइव

## सौगात खुशियों की थीम पर विशेष बच्चों के साथ उत्सव



एडवर्टाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा मैग्नेटो मॉल के संतोष हॉल में एक विशेष चैरिटी सौगात खुशियों की थीम पर आयोजित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने बताया कि इसके अंतर्गत अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया। जहां उन्हें गिफ्ट्स और हैम्पर्स भेंट किए गए। साथ ही मनोरंजन के लिए विशेष आयोजन किया। इसमें सभी ने तंबोला खेलने में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तंबोला और अन्य खेलों के विजेताओं को गोल्ड रिंग, सिल्वर कॉइन एवं कई आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक और प्रेरणादायक अवसर को हर वर्ग ने मिलकर खास बनाने का प्रयास किया।

### विशेष बच्चों के जीवन में खुशी लाने का प्रयास

*मुख्य अतिथि महेश दरयानी और विशेष अतिथि पन्ना दुबे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को खास बनाया। आयोजन का सफल संचालन एवं समन्वयन अनिल जोतसिंघानी ने किया। एसोसिएशन के संरक्षक शिवाजी, अजय जैन, महासचिव अफसर खान, इंदिरा जैन, मनमोहन पारेख ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सौगात खुशियों की सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रति दायित्व निभाने और विशेष बच्चों के जीवन में खुशियां लाने का एक सुंदर प्रयास रहा।*

आराधना

## जीवन में मोह का प्रभाव खत्म होते ही नष्ट हो जाती है उपाधि



**रायपुर।** बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में जारी प्रवचनमाला को गति देते हुए डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी प्रेमांबा के ललिता सहस्त्रनाम की व्याख्या करते हुए बताया कि राग और मोह का प्रभाव खत्म होते ही जीवन में जीव द्वारा संसार में प्राप्त की गई उपाधि भी नष्ट हो जाती है। जीव की उपाधि खत्म होते ही उसको अपने मूलस्वरूप का ज्ञान हो जाने से सच्चिदानंद की अनुभूति होती है। ब्रह्मांड पुराण के ललितोपाख्यान में मां पराम्बा, भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी और भंडासुर युद्ध हुआ। प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की ओर से 64 करोड़ योगिनियों ने युद्ध किया। जब भंडासुर ने विघ्न यंत्र का प्रक्षेपण किया तो 64 करोड़ योगिनियां परस्पर आपस में युद्ध करने लगीं।

### शत्रु भंडासुर की सेना पर पुनः प्रक्षेपित किया

आगे बताया कि इस दृश्य को देखकर मां भगवती ने अपने पति महाकामेश्वर के श्रीमुख का अवलोकन किया। मुख देखने मात्र से महागणपति की उत्पत्ति हो गई। महागणपति ने योगिनियों की सेना के बीच पड़े उस विघ्न यंत्र को अपनी शुण्डदंड से ही खोजने के बाद शत्रु भंडासुर की सेना पर पुनः प्रक्षेपित किया। इसका परिणाम यह हुआ कि शत्रु सेना परस्पर युद्ध करने लगी। पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ने सहज भाव से भंडासुर पर विजय प्राप्त की। कथा में तत्व के रहस्य को भी बताया। महाराज ने बताया कि भंडासुर जीव भाव है। यह आठ पुरी के गढ़ में निवास करता है, जिसे पुर्यष्टक बोलते हैं। इस पुर्यष्टक का अभिमान होने से उसे पुरुष कहा जाता है, यही जीव कहलाता है।

सिटी इवेंट

## भरतनाट्यम की बेजोड़ प्रस्तुति मिला नटवर गोपीकृष्ण अवार्ड



**रायपुर।** रंग मंदिर में 18वें नटवर गोपीकृष्ण नेशनल अवार्ड्स समारोह में प्रांजल बक्षी ने भरतनाट्यम की बेजोड़ प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रांजल को नटवर गोपीकृष्ण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। बताते चलें कि प्रांजल महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद प्रशांत और प्रिया की बेटी हैं। वे डॉ. जी. रतीश बाबू से भरतनाट्यम सीख रही हैं। उनकी उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले सहित कार्यकारिणी ने हर्ष जताया। प्रिया बक्षी ने बताया कि प्रांजल आठ वर्षों से भरतनाट्यम का प्रशिक्षण ले रही हैं। नटवर गोपीकृष्ण अवॉर्ड जीवन में एक बार ही मिलता है। शास्त्रीय नृत्य कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, मोहिनीअट्टम जैसी विधाओं में सर्वश्रेष्ठ नर्तक को इसे दिया जाता है।

### सही उत्तर देने के बाद यह अवार्ड मिला

शहर के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में 2 से 12 अक्टूबर तक 11 दिवसीय उत्सव में देशभर से संगीत और नृत्य कलाकारों के लिए अनुभव हासिल करने के लिए उपयोगी मंच साबित हुआ। इन 11 दिनों में तीन हजार से अधिक शौकिया कलाकारों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रांजल ने बताया कि स्पर्धा दो राउंड में हुई। पहला राउंड 8 अक्टूबर को हुआ। इसमें पांच मिनट डांस के बाद थ्योरी प्रश्न पूछे गए, इसमें प्रांजल विजेता रहीं। इसके बाद उन्हें दूसरे राउंड के लिए सलेक्ट किया गया। दूसरे राउंड में उनके साथ 30 प्रतिभागियों ने नृत्य से अपनी प्रतिभा सिद्ध की। दूसरे राउंड में भी डांस के बाद सवाल-जवाब का दौर चला। सही उत्तर देने के बाद यह अवार्ड मिला।

### राजधानी के प्रमुख बाजारों में शनिवार को तेरस पर जमकर बरसा धन, जरूरी सामान की खरीदी करने उमड़ी भीड़

# कपड़ों की शॉपिंग और सजावटी सामग्री की दिनभर पूछपरख, सराफा-बर्तन और मिठाई दुकानें गुलजार

'शहर की सड़कों पर सुबह 11 बजे से ही बाजार में चहल-पहल बढ़नी शुरू हुई। दोपहर तक गोलबाजार, मालवीय रोड, सदर बाजार, बैजनाथपारा का बाजार धनतेरस पर ग्राहकी बढ़ने से गुलजार हो गया। बाजार में सुबह से देर-शाम तक लोगों की आवाजाही रही। इसके चलते सड़क पर दोपहर से शाम तक पैदल चलना भी दूभर हो गया। लोग खरीदी के लिए पैदल सभी दुकानों तक पहुंचे। रंगबिरंगी लाइट्स से लेकर रंगोली और कपड़े खरीदने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। साथ ही पूजा सामग्री की खरीदी करने वालों की वजह से छोटे दुकानदारों को भी अच्छा रिस्पांस मिला।'



**रायपुर।** गोलबाजार में कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीयों और हस्त निर्मित सजावटी सामान की विशाल श्रृंखला देख लोग दो मिनट के लिए रुके। चिकनी मंदिर गली, मालवीय रोड, बैजनाथपारा से एवरग्रीन चौक तक लोगों की भीड़ रही। बढ़ती सजगता के चलते मिट्टी और पर्यावरण-अनुकूलित उत्पादों को खरीदने में लोग रुचि लेने लगे हैं। इससे सभी बाजारों में दुकानदारों की खुशी और उत्साह भी देखने लायक था। आने वाले ग्राहक को अपने प्रोडक्ट को बेचने के लिए मजे हुए कर्मी भी अपना कौशल ग्राहकों को रिझाने में दिखा रहे थे। लगातार व्यस्तता के बाद भी शॉप कर्मियों के चेहरे पर थकान का कोई भाव नहीं था। दिनभर सभी दुकानदार मुस्कुराते हुए ग्राहकों का स्वागत करने में तल्लीन नजर आए। कई दुकानदारों ने विशेष डिस्काउंट सेल' का भी फायदा दिया। इससे ग्राहकों की आवाजाही ज्यादा देखने को मिली। दीए, मोमबत्ती, तोरण, रंगोली पाउडर, पूजा सामग्री और उपहार पैकिंग आइटम की पूछपरख रही।



### इलेक्ट्रानिक बाजार में भी दिनभर माहौल

*धनतेरस को यादगार बनाने के लिए लैपटॉप दुकानों में एआई आधारित लैपटॉप और गेमिंग लैपटॉप लेने के लिए युवाओं की आवाजाही रही। ग्राहकों में 15 प्रतिशत एआई लैपटॉप, 40 प्रतिशत गेमिंग लैपटॉप और 55 प्रतिशत नॉर्मल कॉन्फिगरेशन वाले लैपटॉप की इंक्वायरी और बुकिंग कर रहे हैं। एआई लैपटॉप की कीमत 70 हजार से ढाई लाख रुपये, जबकि गेमिंग लैपटॉप की कीमत 60 हजार से ढाई लाख रुपए तक है। वहीं रोजमर्रा के काम के लिए लोग 22 हजार से 50 हजार रुपए तक के लैपटॉप पसंद कर रहे हैं। दीपावली को देखते हुए भी संचालक लैपटॉप के साथ कई और इलेक्ट्रॉनिक्स गजेट दे रहे हैं, जैसे हैडफोन, स्पीकर,नैकबैंड, जिससे ग्राहक कुछ न कुछ खरीदारी करके ही जाएं।*

### पैकिंग डिजाइन और मिठाई की ढेरों वैरायटीज

मिठाई दुकानों में धनतेरस पर ज्यादा भीड़ रही। पर्व का असर दिनभर नजर आया। काजू कतली, रसगुल्ला, लड्डू, सोहन पापड़ी और चॉकलेट गिफ्ट बॉक्स की मांग सबसे अधिक रही। कई मिठाई विक्रेताओं ने ग्राहकों को रिझाने के लिए मिठाइयों को खास तरीके से पैकिंग डिजाइन से भी लुभाने का प्रयास किया, इसे देख लोग आकर्षित हुए। कई शॉप में दुकानदार बिना शुगर वाली हेल्दी मिठाइयां भी बेच रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले ग्राहक दीपावली का स्वाद ले सकें। शहर के लोग दीपावली की खरीदी मिल-जुलकर करने निकल रहे हैं। इनमें महिलाओं की तादाद इस बार बाजार में ज्यादा रही। इसे देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस और दुकानदार भी चौकस नजर आए।

### पारंपरिक सामग्री की खरीदी

धनतेरस के अवसर पर झाड़, बर्तन जैसे कई जरूरी सामान शगुन के तौर पर महिलाएं खरीदती हैं। तांबे के लोटे, पूजा थाल, रसोई के लिए चूल्हा, कटोरियां व प्लेट जैसे कई जरूरी सामान की दिनभर बाजार में पूछपरख रही। इनकी कीमत 1000 से 10000 रुपए तक बताते हुए लोग बेचने में जुटे। सभी दुकानों में लोग आते-जाते रुक रहे थे, इस वजह से भीड़ की स्थिति रही।



ज्वेलरी शॉप में ग्राहक अपने परिवारजनों के लिए गहने खरीदने में तल्लीन नजर आए। हाथों के लिए कंगन 50 हजार से एक लाख तक, सोने-चांदी के सिक्के, हार, चोकर, कण्ठी, गुलुबंद व मंगलसूत्र जैसे सामान पसंद किए।

# प्राकृतिक संसाधनों का गलत उपयोग करते हुए मनुष्य बिगाड़ रहा है धरती का संतुलन

**रायपुर।** मानव जीवन और संबंधों पर संवाद किया गया। जीवन विद्या शिविर के चौथे दिन अग्रसेन धाम में अभ्युदय संस्थान और अग्रवाल सभा के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्य वक्ता सोमदेव त्यागी ने कहा, हम सोचते हैं कि हमने प्रकृति से मिलने वाली चीजों को पैसे देकर खरीदा है, पर वास्तविकता में हम कुछ भी नहीं खरीद सकते। केवल मानव का श्रम खरीदते हैं। इसी तरह एक किलो चावल उगाने में मानव से अधिक श्रम प्रकृति करती है। हमें वह नेमत के रूप में मिली है, जिसे हम बर्बाद कर देते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग करके हम धरती के संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। अगर इसी तरह चलता रहा तो धरती मनुष्य के रहने लायक नहीं बचेगी। मानव धरती के सभी प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग ऐसे करता है, मानों उसका मालिक है। जबकि मानव असल में केवल किसी वस्तु को बनाने में लगने वाले श्रम की कीमत चुकाता है।

### मां-बाप का रंग-रूप आता है, आचरण नहीं



मानव के रूप में शरीर और जीवन की अलग वास्तविकता है। दोनों की जरूरतें अलग-अलग पूरी होती हैं। शरीर एवं जीवन का संयुक्त साकार रूप मानव है। शरीर में भौतिक और रासायनिक क्रिया होती है, जीवन में नहीं। इसीलिए मानव में आचरण अनुवांशिक नहीं होता। बच्चे में मां-बाप का रंग, रूप, रोग ही जेनेटिकली ट्रांसफर होते हैं, आचरण नहीं। मां-बाप से रसायन मिलता है, दृष्टिकोण नहीं।दृष्टिकोण जब भी बदलता है, एक-दूसरे के साथ सुखी जीवन जीने से होता है। आचरण तीन तरह के होते हैं, धन के प्रति मानव के प्रति दृष्टिकोण, स्त्री और पुरूष के प्रति मानव का दृष्टिकोण और प्रकृति के प्रति व्यवहार मानव दृष्टिकोण है।

### मनुष्य का प्रयोजन दूसरों को उपयोगी बनाना

उन्होंने कहा कि साढ़े चार लाख साल पहले धरती बनी। उसमें तरह-तरह के खनिज-पदार्थ विकसित हुए। उसमें वनस्पतियां उगीं और पशुओं की उत्पत्ति हुई। धरती पर जब सभी प्राकृतिक संसाधन विकसित हो गए, तब मानव रूपी बच्चे को धरती मां ने जन्म दिया। आज मानव उसी धरती मां को नुकसान पहुंचा रहा है। प्राकृतिक संसाधन अमूल्य हैं, उसकी खरीदी-बिक्री नहीं जा सकती है। उसमें बदलाव करके केवल अपने उपयोग के लायक बनाते हैं। मानव इस धरती पर सबसे महंगी मशीन है, जिसका प्रयोजन है कि वह धरती को और उपजाऊ बना दे। बीजों की गुणवत्ता को बढ़ाएं। पशुओं को उपयोगी बनाएं, यही मानव का सबसे बड़ा काम है।

## जागरूकता शिविर में विशेषज्ञों ने बताए कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय

**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में कम्युनिटी सेल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को चिकित्सा जागरूकता शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना रहा। इसमें लगभग 300 से अधिक विद्यार्थी, प्राध्यापक और कमर्चारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारत एवं मां फाउंडेशन के सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। शिविर के दौरान स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा, मनोचिकित्सक डॉ. सोयेब खान, दम रोग चिकित्सक डॉ. अंकिता सदानी, नेत्ररोग चिकित्सक डॉ. विवेक ने निशुल्क प्रत्येक मरीज की स्वास्थ्य जांच की।



### जांच शिविर में 300 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति

कॉलेज परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने कहा कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों के संदर्भ में जानकारी दी गई। इसमें महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों नें कैंसर के विभिन्न लक्षणों को विस्तार से समझाने का प्रयास किया है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कम्युनिटी सेल के समन्वयक डॉ. केएन गजपाल द्वारा की गई। साथ ही वाणिज्य, प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान, शिक्षा विभागों के समस्त विभागाध्यक्ष और विद्यार्थी भी शिविर में शामिल हुए। रक्तदान शिविर में 50 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### समता कॉलोनी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर में आयोजन

कार्नर न्यूज

# महिलाओं ने धनतेरस पर किया दीपदान खाटू श्याम के दरबार में सजाई रंगोली



**रायपुर।** धनतेरस का उत्साह समता कॉलोनी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर में सुबह से ही देखने को मिला। श्याम परिवार मित्र मंडल और श्याम सत्संग महिला मंडल ने सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच रंगों और फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई। इस परंपरा को हर साल निभाते हुए महिलाएं श्री श्याम खाटू का श्रीधाम सजाते हुए श्याम के प्रति आस्था अर्पित करने में जुटी रहीं। महिलाओं का एक वर्ग दीपोत्सव की तैयारी में जुटा रहा। सभी ने मिलकर श्याम खाटू के दरबार को रंगोली और फूलों की श्रृंखला सजाते हुए अलौकिक स्वरूप दिया। महिला विंग की अध्यक्ष संगीता सरावगी के साथ प्रियंका बंग, रोशनी और माही मित्तल ने लक्ष्मी माता और शिव-पार्वती की आकर्षक रंगोली सजाई। वहीं कमल फूल के साथ दीए की रंगोली भी सजाई।





### शाम को जलाए 1100 दीए, किया दीपदान

*महिलाओं ने शाम को एक साथ 1100 दीपों की क्यारी सजाते हुए श्याम खाटू के दरबार में दीपदान किया। इस उत्सव के चलते मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा। दीपावली के अवसर पर जहां लोग अपने ही काम में मशगूल रहे। ऐसे समय में सभी महिलाओं ने आपसी तालमेल से हर साल की तरह परंपरा को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सभी घर से रंगोली और फूलों की थैली साथ लेकर उत्सव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचीं। लगातार 6 घंटे में अलग-अलग रंगोली सजाने के साथ दीपदान की तैयारी और शाम को धनतेरस पर दीपदान करने के बाद आयोजन का समापन किया।*

सिटी लाइव

## विदेशी आक्रमण के बावजूद नहीं बदली भारतीय ज्ञान परंपरा



**रायपुर।** भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के अर्थशास्त्र अध्ययन शाला और योग एवं दर्शन अध्ययन शाला के तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर व्याख्यान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. आरएन त्रिपाठी प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय थे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा का भारत के विकास में योगदान विषय पर प्रकाश डाला। भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध परंपरा यह बताती है कि विदेशी शासन करने वालों और आक्रमणकारियों के प्रभाव बाद भी भारत की परंपरा जीवित है। इसके मूल में वसुदेव कुटुंबकम की भावना है, जिसने भारत को अभी तक समृद्ध एवं जीवित रखा है।

### इन अतिथियों की मौजूदगी में व्याख्यान

इस आयोजन के अध्यक्ष प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, प्रो. रविंद्र के. ब्रम्हे संचालक भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र थे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन मूल्यों का जिक्र किया। प्रो. एके श्रीवास्तव कुलानुशासक, प्रो. जेएल गहरे अध्यक्ष योग एवं दर्शन अध्ययनशाला ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रो. बीएल सोनकर अध्यक्ष अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, प्रो. धर्मेंद्र गंगेश्वर, डॉ. हेमलता बोरकर, डॉ. अर्चना सेठी, डॉ. सुनील कुमेटी के साथ अर्थशास्त्र अध्ययनशाला एवं दर्शन अध्ययनशाला के लगभग 150 छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

इवेंट लाइव

## राष्ट्रीय कोडिंग स्पर्धा में एनआईटी के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों ने ग्वालियर द्वारा आयोजित 'कोडरश-2025' स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया, जहां एनआईटी की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में विभाग से द्वितीय वर्ष के छात्र आयुष तलरेजा, पवन कुमार वर्मा और हर्ष कुमार सिंह शामिल रहे, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से पुरस्कार हासिल किया।

### देशभर से 500 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई, पहला चरण ऑनलाइन प्रारंभिक राउंड था। इसमें कोडफोर्स पर अनस्टॉप प्लेटफार्म के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की 500 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के बाद देशभर से टॉप टीमों को ग्वालियर कैंपस में आयोजित स्पर्धा में ऑफलाइन फाइनल राउंड के लिए आमंत्रित किया गया। फाइनल राउंड एक तीन घंटे का कठिन एल्गोरिदम आधारित कोडिंग चैलेंज रहा, जिसमें 6-7 जटिल समस्याएं हल करने को कहा गया। टीम ने अपनी टीमवर्क, तार्किक क्षमता और प्रोग्रामिंग दक्षता से सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समाज इवेंट

## दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर प्री-दीपावली सेलेब्रेशन का हुआ आयोजन

**रायपुर।** आर्ना फाउंडेशन द्वारा बुधवार को अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में जरूरतमंद और दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क आंखों की जांच कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों की आंखों की जांच की और ज़रूरतमंदों को निशुल्क परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए। कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उनके चेहरों पर खुशियां बिखेरने के लिए दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए विशेष मिठाइयों और उपहारों की व्यवस्था की गई, जिससे उनके बीच उत्सव का माहौल बना रहे।

### जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशियों को बांटना जरूरी

*आर्ना फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष रुना शर्मा अत्री ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशियां पहुंचाना है। इसी कड़ी में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि दिव्यांग बच्चों को भी स्वास्थ्य सेवाएं और त्योहारों की खुशियां समान रूप से मिल सकें। इस अवसर पर संचालिका डॉ. रुना शर्मा, मुख्य अतिथि स्वतंत्र स्वर संपादक डी एस मिश्रा, विशेष अतिथि पीयूष जैन, डॉ. विपुल चौधरी, डॉ. आनंद, मनीष अत्री, सीमा छाबड़ा, डॉ. सोनम सिंग राठौर, ग्लोबल ब्यूटी आइकॉन निवृति अविनाश वाघाडे, गोल्ड ब्यूटी आइकॉन विनर पूजा गुरदीप कौर के साथ स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।*

● दीपावली पर गेंदा फूल, कमल फूल, केले के पत्ते, धान की बालियों से घर के दरवाजे, पूजा घर सजाने का शुभ रिवाज

# दिवाली पर फूलों का बाजार गुलजार, गेंदे की लड़ी, कमल और सजावटी बुके, रजनीगंधा-ऑर्किड की एडवांस बुकिंग

दिवाली पर गेंदा फूल, कमल फूल, केले के पत्ते, धान की बालियों से घर के दरवाजे, पूजा घर सजाना शुभ माने जाते हैं, क्योंकि ये समृद्धि और देवी लक्ष्मी से जुड़े हुए हैं। यही वजह है कि धनतेरस व लक्ष्मी पूजा पर फूलों, धान के झालर, केले के पत्ते की शहर के फूल बाजार में खूब डिमांड है। फूल चौक स्थित फूल मार्केट में लोग जहां स्थानीय गेंदा फूल, कमल फूलों सहित अन्य सजावटी फूलों के झालर, बुके, तोरण हार की एडवांस में बुकिंग करा रहे हैं।





**रायपुर।** चिल्हर फूल बाजारों में पुरानी धमतरी रोड तरुण बाजार, रायपुरा चौक, न्यू राजेंद्र नगर, गोल बाजार, शास्त्री बाजार में फूलों की स्टॉल सजे हैं। फूल चौक के थोक व चिल्हर फूल कारोबारी शशांक दुबे ने बताया कि स्थानीय स्तर पर फूल उत्पादक किसानों से कमल, गेंदा, गुलाब की आवक हो रही है। वहीं दूसरे राज्यों में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, कश्मीर से डेजी, जिप्सी, रजनीगंधा, ऑर्किड, लिली, ट्यूलिप, करंजा, वैजंती, गुलदाऊदी और ग्लैड के फूलों की आवक हो रही है। दिवाली के मद्देनजर सभी फूलों की कीमत में तेजी आई है। इससे फूल मंडी में रौनक बढ़ गई है। पूरा मार्केट फूलों की खुशबू से गुलजार है। फूल मार्केट में धनतेरस की पूर्व संध्या ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही। फूलों की बढ़ी मांग से फूल विक्रेताओं को अच्छे कारोबार की उम्मीद जागी है। लोग पूजा और घरों की सजावट के लिए गेंदे से लेकर कमल फूल तक की खरीद रहे हैं। साथ ही साथ धान के झालर, केले के पत्ते की भी खूब मांग है। धरतेरस की पूर्व संध्या पर हरिभूमि की टीम ने शहर में फूलों की आवक, कीमत और मांग को लेकर फूल कारोबारियों से बातचीत की।



### मार्केट में फूलों की कीमत

गेंदा फूल- 200-300 रुपए प्रति किलो, कमल- 25-30 रुपए प्रति नग, गुलाब- 300-400 रुपए प्रति बंच, अशोक के पत्ते-150-250 रुपए दर्जन रजनीगंधा फ्लॉवर्स- 300-400 रुपए प्रति बंच, वैजंती फूल- 200 रुपए प्रति माला, करंजा- 300-450 रुपए प्रति स्टिक, ऑर्किड-500 रुपए जोड़ी तक बिक रही है।

### आकर्षक धान की झालर से सजावट

दिवाली पर धान की झालर से घर सजाना एक शुभ पारंपरिक और सांस्कृतिक महत्व है। पुराना धमतरी रोड तरुण बाजार में आकर्षक धान के झालर बिक रहे हैं। धान झालर की विक्रेता वैशाली साहू ने बताया कि उन्होंने हाथों से इन धान की झालरों की गुंथाई कर दिवाली त्योहार के लिए पारंपरिक आकर्षक डिजाइन दी है। धान की झालर की डिजाइन में गोल झूमर झालर, सुआ झालर, स्वास्तिक झालर, दरवाजा तोरण झालर सबसे ज्यादा डिमांड में है। धान झालर के आकार के मुताबिक प्रति नग कीमत 50 रुपए से 500 रुपए तक है। दिवाली पर धान की बालियों को घर के दरवाजों पर टांगने की एक परंपरा है, धान को लक्ष्मी का रूप माना जाता है।

### लक्ष्मी पूजा के दिन केले के पत्तों की रहेगी मांग

धनतेरस व लक्ष्मी पूजा के दिन के लिए कमल फूल और केले के पत्तों की विशेष मांग रहती है। शुभ कार्यों, त्योहारों और पूजा में केले के पत्तों से मंडप और तोरण बनाने की परंपरा है। देवी-देवताओं के लिए भोजन परोसने के लिए केले के पत्तों का उपयोग किया जाता है, जिससे इन्हें पवित्र माना जाता है। भाठागांव बस स्टैंड रोड पर कमल फूल व केले की खेती कर रहे किसान ने बताया कि दिवाली त्योहार पर केले व कमल के फूलों की बिक्री से अच्छी आमदनी हो जाती है। केले के दो पत्तों की कीमत 20 से 30 रुपए और कमल फूल प्रति नग 25 से 30 रुपए बिकता है।

## युवा महोत्सव में सुरों की बिखरी छटा शास्त्रीय गायन और वाद्ययंत्रों ने बांधा समां

### कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की ओर से आयोजित अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय ने एकल स्वर वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं समूह गायन, शास्त्रीय एकल गायन, सुगम एकल गायन, पश्चात स्वर वादन तथा स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल स्वर वादन में बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट द्वितीय वर्ष की छात्रा दात्री संत ने राग जयजयंती में विलंबित मध्य तथा राग द्रुत लय की गति प्रस्तुत कर निर्णायकों की सराहना प्राप्त की। सुगम एकल गायन में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा शारदा नाथ ने शायर राहत इंदौरी की गजल "नातवा दिल का सहारा आप हैं, मेरी कश्ती का किनारा आप हैं" को राग किरवानी पर आधारित रूपक ताल में सुंदर निबद्ध रचना प्रस्तुत की। इन दोनों प्रस्तुतियों में तबले पर बी. शरद ने संगत की।



### देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति

शास्त्रीय एकल गायन में निखिल सोनी ने राग मधुवंती प्रस्तुत किया। समूह गायन में बीए एवं एमए वर्ग की छात्राओं अनामिका चौहान, माही शर्मा, हंसिका चौहान, वंशिका पांडे, नंदिनी साहू एवं सलोनी मुंड ने तारेंद्र प्रसाद सेन के निर्देशन में देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। पश्चात स्वर वादन (एकल) में रुद्राक्ष कुमार ने पियानो पर प्रस्तुति दी, वहीं स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में शुभम विश्वास ने अपनी कला का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की टीम के हारमोनियम संगति में तारेंद्र प्रसाद सेन, तबले पर बी. शरद एवं जयंत चौहान तथा ढोलक पर वेदप्रकाश आदित्य ने अपनी संगत से प्रतियोगिताओं को निखारा। प्रतियोगिता के दौरान सभागार विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से खचाखच भरा हुआ था। इस प्रतियोगिता में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय रायपुर के युवा उत्सव प्रभारी डॉ. दीपक बेडेकर थे।

## खरीफ में चावल उगाने से पहले जूट की खेती कर सकते हैं किसान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने का प्रयास इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को किया गया। इस एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण और सम्मेलन में कई विषयों पर चर्चा की गई। इस कड़ी जूट की उन्नत खेती और उत्पादन विधियों की जानकारी किसानों को दी गई। यह प्रशिक्षण जूट की खेती से जुड़ी नई परियोजना के तहत आईबीआईटीएफ द्वारा वित्त पोषित और आईआईटी भिलाई के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय जूट बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. नीलेंदु भौमिक और तकनीकी सहायक ने जूट से यांत्रिक फाइबर निष्कर्षण के बारे में कृषकों को बताया। उन्होंने बारीक निष्कर्षण को आसान बनाने के लिए एक रिबनर मशीन का प्रदर्शन किसानों के सामने भी किया।

### पारिश्रमिक मिलेगा होगा आजीविका में सुधार

आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने रेशेदार फसलों के पारिस्थितिक महत्व के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को संबोधित किया। उन्होंने रेशे की गुणवत्ता पर रेटिंग प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही किसानों से छत्तीसगढ़ में पूर्व की तरह जूट की खेती फिर से शुरू करने का आव्हान किया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान संचालक डॉ. विवेक त्रिपाठी ने किसानों से खरीफ के लिए चावल के अलावा अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए सजग किया। उन्होंने कहा कि किसान खरीफ में चावल उगाने से पहले ग्रीष्मकालीन फसल के रूप में जूट की खेती भी कर सकते हैं। इससे किसानों को पारिश्रमिक मिलेगा और आजीविका में भी सुधार होगा।



### जूट की खेती के विस्तार पर कृषकों की सहमति

*जूट परियोजना की सह अन्वेषक डॉ. प्रज्ञा पांडे ने जूट की उन्नत खेती की पद्धतियों पर व्याख्यान दिया। डॉ. अरुण उपाध्याय ने एंजाइमेटिक रेटिंग तकनीक की जानकारी कृषकों को दिए। इस सम्मेलन में धमतरी और रायपुर के 30 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यान, मशीन प्रदर्शन और जूट का अवलोकन करते हुए जूट उत्पादन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस खरीफ मौसम में धमतरी जिले में 4 एकड़ भूमि पर जूट की खेती की जा रही है। किसानों ने आगामी वर्ष में जूट का क्षेत्र विस्तार करने पर सहमति जताई।*

मूर्तियों की सजावट में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक, गड़वा बाजा की धुन पर निकलेगी यात्रा

# गौरा-गौरी विवाह की मचेगी धूम, दीपावली के पहले तैयारी शुरू पारंपरिक सजावट पर जोर, 10 हजार तक बिक रहीं मूर्तियां

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय पारंपरिक त्योहारों में एक गौरा-गौरी का विवाह भी है, जो इस वर्ष 22 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पारंपरिक संस्कृति एवं रीति-रिवाजों से सजा यह पर्व दीपावली की रात से शुरू होता है, जिसे आदिवासी समुदाय के सदस्य आराध्य देव भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह के रूप में मनाते हैं। इस दौरान विवाह की सभी रस्में छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार होती हैं, इसमें चूलमाटी, हल्दी, बारात, टिकावन, आतिशबाजी और विदाई शामिल है। त्योहार में गड़वा बाजा की धुन पर प्रतिमाएं नगर भ्रमण के लिए निकाली जाती हैं, जिसके बाद नदी, तालाब व कुंड में विसर्जन किया जाता है।

"इस वर्ष गौरा-गौरी विवाह के खास अवसर की तैयारी दीपावली से पहले ही प्रारंभ हो गई है। शहर के मूर्तिकार प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजा रहे हैं। जहां ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय के बुजुर्ग अराध्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तैयार करते हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में मूर्तिकारों को यह कार्य सौंपा जा रहा है। इन दिनों मूर्तियों को आकार देने का कार्य शहर के मूर्तिकार कर रहे हैं। गुढ़ियारी, शंकरनगर, टिकरापारा, संतोषी नगर, डगनिया, रायपुरा, लाखेनगर समेत कई स्थानों पर गौरा-गौरी विवाह का भव्य आयोजन होने जा रहा है"।





### 2 से 10 हजार तक बिक रहीं मूर्तियां

महादेवघाट के मूर्तिकार मोहन कुमार चक्रधारी ने बताया कि अब मूर्तियों की बनावट और सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पहले केवल सिल्वर और गोल्ड कलर का उपयोग होता था, लेकिन अब रंगों के साथ-साथ डिजाइन और साज-सज्जा भी पहले से अधिक आकर्षक बनाई जा रही है। मूर्तियों की कीमत उनकी ऊंचाई और डिजाइन के अनुसार तय की जाती है, जो 2-10 हजार रुपए तक है। इस बार रामनगर, गुढ़ियारी, सरोना समेत 4-5 शहरी क्षेत्रों से ऑर्डर मिला है। पर्व पर केवल शहरी क्षेत्रों से ही ऑर्डर मिलता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पारंपरिक रूप से स्वयं मूर्तियां बनाना पसंद करते हैं।

### पारंपरिक रूप से सजाई जा रहीं प्रतिमाएं

महादेवघाट स्थित मूर्तिकार यशवंत चक्रधारी ने बताया कि इस वर्ष दीपावली के पूर्व ही संतोषी नगर, गुढ़ियारी और लाखेनगर जैसे क्षेत्रों से मूर्तियों के ऑर्डर मिले हैं। मूर्तियों की सजावट पारंपरिक शैली में की जा रही और इनकी बनावट में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। इस बार विशेष रूप से रंगों की गुणवत्ता और सौंदर्य पर ध्यान दिया जा रहा है, जिससे मूर्तियां और अधिक आकर्षक दिखें। साथ ही मां पार्वती की प्रतिमा का श्रृंगार भव्य रूप में किया जा रहा है, जो पारंपरिक चूड़ी, चुनरी, पायल, साड़ी और नथ जैसे आभूषणों में सज रही हैं।

### पारंपरिक विवाह सामग्री से सजा बाजार

गौरा-गौरी विवाह से पूर्व गोलबाजार और रायपुरा चौक स्थित दुकानों पर विवाह के पारंपरिक सामग्री से दुकानें सज चुकी हैं। ऐसे में टीपा, पर्रा, मटकी, बांस, दीपक, कलश, टोकरी, मउर और सोंटा बनाने का सामान दुकान में उपलब्ध है। इस बार पर्रा, कलश और मटकी को पारंपरिक डिजाइन के साथ सजाया जा रहा है।

### शहरी क्षेत्रों में बढ़ी मूर्तियों की मांग

हरिभूमि से चर्चा के दौरान मूर्तिकारों ने कहा कि परंपरागत रूप से आदिवासी समुदाय के बुजुर्ग गौरा-गौरी की मूर्तियां तैयार करते थे, लेकिन समय के साथ शहरी क्षेत्रों में मूर्तिकार प्रतिमाएं सजाने लगे, ऐसे में आज भी ग्रामीण अंचलों में बुजुर्ग ही प्रतिमाएं बनाते हैं। रायपुर शहर में लगभग प्रत्येक वर्ष 20-30 स्थान पर गौरा-गौरी विवाह उत्सव मनाया जाता है, जहां दीपावली से पहले ही प्रतिमाओं का निर्माण शुरू हो जाता है।

## खबर संक्षेप



### दीपावली पर अग्रिम वेतन शिक्षकों ने जताया आभार

**आरंग।** दीपावली पर्व के अवसर पर राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों को अग्रिम वेतन भुगतान किए जाने के निर्णय का शिक्षकों ने स्वागत किया है। इस निर्णय से कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन इकाई आरंग के अध्यक्ष डी.डी. पाटिल सहित शिक्षकों छोटू साहू, हेम कुमार साहू, तुलाराम पाल, अमित अग्रवाल, गिरिजा शंकर देवांगन, उत्तम बंजारे, विमल सोनवानी, घनश्याम धृतलहरे, उदय साहू, सावित्री सोनकर, विनोद जायसवाल, कपलेश्वर, विश्राम बंजारे, लक्ष्मण साहू, गरीबा राम साहू, भीखम टंडन, अरुण पटेल, नरेन्द्र वर्मा, चरण बर्मा ने इस पहल के लिए शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आजाद चौक पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा की गई स्थापित

**आरंग।** शनिवार को धर्म नगरी आरंग में मां दंतेश्वरी महालक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वाधान में नगर के भांडदेवल पारा आजाद चौक आरंग में पहली बार माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना किया जा है। समिति के सदस्य कोमल लाखोटी ने बताया पहली बार माता लक्ष्मी प्रतिमा की स्थापना को लेकर मोहल्ले वासी काफी उत्साहित हैं। शनिवार को विधि विधान से माता लक्ष्मी की स्थापना पश्चात 20 अक्टूबर को छप्पन भोग व महाआरती तथा 23 अक्टूबर को माता की प्रतिमा को पूजा आराधना कर विसर्जित किया जाएगा।

### लमकेनी शाला के बच्चों को पटाखे का वितरण



**अभनपुर।** दीपावली के उपलक्ष्य मे प्राथमिक शाला लमकेनी मे बच्चो के बीच खुशियां बांटने के उद्देश्य से पटाखा का वितरण किया गया। बच्चो ने प्रसन्न होकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। शिक्षको ने सभी अतिथियो के इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा हीरा यादव,उपसरपंच श्रीमति लता कुर्रे,यादव ठेठवार बेलर परिक्षेत्रअध्यक्ष हीरा यादव,एचएम संतोष चतुर्वेदी,श्री बैस,आरती मैडम,श्री राकेश,श्रीमति अनिता निषाद,सरोज यादव,योगेन्द्र यादव,खम्हन,कैलाश,रूखमनी,चित्रलेखा,लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण इलाकों करने पुलिस गश्त की मांग

**आरंग।** आसन्न दीपावली पर्व पर मंदिर हसौद व आरंग थाना क्षेत्र के ग्रामों में अमन-चैन बनाये रखने सघन पुलिसिया गश्त व असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है और असामाजिक तत्वों की दीपावली जेल में मनने की सुनिश्चित व्यवस्था का आग्रह किया है।

**कार्यक्रम : बच्चों ने जलाया एक दिया शहीदों के नाम और देशभक्ति के रंग में रंगा स्कूल**

# आपरेशन सिंदूर में जवानों ने दुश्मनों को चटाई धूल एवं बढ़ाया राष्ट्र गौरव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा

दीपावली के पावन अवसर पर जहां पूरा देश रोशनी से नहाया हुआ है, वहीं यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, मांढर और सारागांव के विद्यार्थियों ने 'एक दिया शहीदों के नाम' जलाकर देश प्रेम की एक अमिट मिसाल पेश की है। देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और शहीदों को याद करते हुए, खासकर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे महत्वपूर्ण सैन्य अभियान में दुश्मनों को धूल चटाने वाले जवानों के सम्मान में, स्कूल के बच्चों ने एक हृदयस्पर्शी और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया।

**सांस्कृतिक विरासत का संगम:** कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने शहीदों और महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, बच्चों ने अपने देश प्रेम को कला और संस्कृति के माध्यम से अभिव्यक्त किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी परिधानों में सजे-धजे नन्हे-मुन्नों ने जब सुआ नृत्य और राउत नाचा प्रस्तुत किया, तो पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर गया। बच्चों के मनमोहक रूप और पारंपरिक नृत्यों की मोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने जोश भरे राउत नाचा के दोहों से न केवल सबको चौंकाया बल्कि उनमें देश के प्रति गहरा सम्मान और जोश भी भर दिया। यह दृश्य बच्चों में अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है।



#### दीपों की रोशनी, देशभक्ति की रंगोली

नृत्य प्रस्तुति के बाद बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक रंगोलियां बनाईं। इन रंगोलियों में भी देश प्रेम और दीपावली के उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। शिक्षकों ने भी बच्चों के इस रचनात्मक कार्य में सहयोग कर उनका मार्गदर्शन किया। इस पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को देश के नायकों के त्याग और बलिदान से परिचित कराना तथा उनके मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना था। स्कूल के प्रिंसिपल ने अंत में सभी विद्यार्थियों को दीपावली की बधाई देते हुए पटाखों को सावधानी और सुरक्षा के साथ जलाने की सीख दी, ताकि त्योहार की खुशियां सुरक्षित रह सकें। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर, भागवत साहू ने सभी बच्चों और शिक्षकों को दीपावली के पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि /"हमारे ये नन्हें बच्चे देश का भविष्य हैं और शहीदों को याद करने का यह प्रयास उन्हें अपनी मिट्टी और देश के प्रति ज़िम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देगा।

### आओ मिलकर दीप जलाये कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों की रही भागीदारी

**कूंरा।** सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति द्वारा ग्राम तर्रा के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले प्राथमिक से लेकर माध्यमिक तक सभी बच्चों के लिए *आओ मिलकर दीप जलाएं* कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था कार्यक्रम के प्रायोजक आशीष नचरानी सुनील ग्रुप के द्वारा प्रायोजित था। सेवा सुगंधम संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि हमारे मन में इच्छा थी कि इस दीपावली को गांव के नन्हे नन्हे बच्चों के साथ दीप पर्व का त्यौहार मनाया जाये जिससे बच्चों में एक नई मुस्कान देखा जा सके । इस उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सविता चंद्राकर सभापति जिला पंचायत अध्यक्षता सीमा वर्मा सरपंच तर्रा विशेष अतिथि प्राची विनीत उपाध्याय,धनेश निषाद,उपस्थित थे। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया सभापति ने अपने मंचीय उद्बोधन में कहा कि इस अदभुत कार्यक्रम के लिए आयोजक एवं प्रायोजक दोनों को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी कार्यक्रम स्थल में 200 स्कूली बच्चों को दीपावली उपहार के रूप में बैग में फटाखे, मिठाई , मिट्टी के दिये, के साथ साथ विवेक ज्योति की पुस्तक गिफ्ट में दिया गया। सभी बच्चों के मन इस कार्यक्रम प्रति भारी उत्साह देखने को मिला । कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष उपाध्याय ,राजेंद्र वर्मा , राकेश वर्मा , फनेंद्र भूषण पटेल ,अनिल वर्मा,अर्चना वर्मा, उमा वर्मा , कु.चंचल यादव, जया साहू, रमा साहू, पूर्णिमा निषाद,सुनीति निषाद, उपस्थित थे ।

### सूरज कुमार का अग्निवीर में चयन होने पर स्वागत



**अभनपुर।** भारतीय सेना मे अग्निवीर के रूप मे चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सूरज कुमार साहू अपने गृह ग्राम खोरपा लौटे जहां उनके शुभचिंतको व ग्रामीणो ने उनका भव्य स्वागत किया। डीजे की धुन पर नाचते लोगो ने पुष्प वर्षा कर सूरज का अभिनंदन किया और उनके देशसेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर सूरज के पिता रामजी साहू व माता हिरौदी साहू को भी ग्रामीणो ने बधाई दी। ग्रामवासियो ने कहा कि सूरज ने पूरे गांव का मान बढ़ाया है और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने है।

### कर्मचारी संघ ने अग्रिम वेतन पर माना आभार

**कूंरा।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय के पदाधिकारी अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन विभाग से धनतेरस तथा दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर सौजन्य मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। जिसमें संघ के पदाधिकारियो ने अरुण साहू को संपूर्ण नगरीय निकाय के कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु 192 निकायों को रुपए 38 करोड जारी करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## छत्तीसगढ़ मे 21 को लक्ष्मी पूजन शास्त्र सम्मतः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरपोंगी

इस वर्ष 2025 मे दीपावली ( लक्ष्मी पूजन) के पर्व को लेकर अधिकाधिक भ्रम और मतभेद की स्थिति बनी हुई है. इस वर्ष दीपावली पूजन 20 अक्तूबर और 21 अक्टूबर को दोनों दिन मनाने को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।



इस पर अपना विचार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भागवताचार्य एवं ज्योतिर्विद पंडित नंदकुमार शर्मा (निनवा तिल्दा वाले ) ने कहा कि दीपावली पूजन को लेकर ज्यादा तर्क वितर्क या मतभेद करने की आवश्यकता नहीं है। अपने अपने क्षेत्र विशेष मे सूर्योदय, सूर्यास्त, अमावस्या तिथि, प्रदोष काल आदि को ध्यान मे रखते हुए दीपावली पूजन को मान्य करे. क्योंकि शास्त्रों मे कहा गया है। युवती शास्त्र नृपति बस नाहीं शास्त्रों का मत किसी के बस मे नहीं होता है. उन्होंने बताया कि रायपुर ( छत्तीसगढ़) का अपना क्षेत्रीय देव पंचांग मे तिथि, प्रदोष काल आदि के अनुसार दीपावली पूजन 21 अक्टूबर मंगलवार को ही मान्य किया गया है। उन्होंने बताया कि रायपुर द्वारा प्रकाशित क्षेत्रीय पंचांग देव पंचांग के अनुसार अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर सोमवार को शाम 3 बजकर 44 मिनट मे प्रारम्भ हो रही है और अमावस्या तिथि की समाप्ति 21 अक्तूबर मंगलवार को शाम 5 बजकर 54 मिनट मे हो रही. ऐसे मे दूसरे दिन मे भी प्रदोष व्यापिनी और संध्याकाल तक अमावस्या तिथि हो रही है. अतः 21 अक्तूबर को दीपावली पूजन करना उचित और मान्य है।

## आरपीएफ ने लेबरपेन से पीड़ित महिला को अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

शुक्रवार को गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक महिला तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर उतरी जिसका नाम पदमा धृतलहरे पिता भागवत धृतलहरे उम्र 20 वर्ष ग्राम माढर थाना सिमगा निवासी जिसका टिकट ग्वालियर से रायपुर तक था, उसे तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर तीन पर उतरने के बाद उसे लेबर पेन चालू हो गया , उक्त महिला के साथ में कोई भी व्यक्ति नहीं था उक्त महिला से उसके पिताजी का मोबाइल नंबर लेकर उन्हें कॉल किया गया और इस घटना की जानकारी दी गई 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया परंतु एंबुलेंस का नंबर नहीं लग रहा था, लेबर पेन ज्यादा होने की वजह से रेलवे सुरक्षा बल चौकी तिल्दा से सहायक उप निरीक्षक आर के साहू एवं ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक आर आर आहेर,आरक्षक विशाल आरक्षक मुकेश, एसआईबी से प्रधान आरक्षक कुलदीप तोमर के साथ मिलकर उक्त महिला को स्ट्रेचर पर लिटाकर प्लेटफार्म नंबर 3 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा पैदल ले जाया गया, महिला का प्राथमिक उपचार तत्काल शुरू हो गया। साथ ही महिला के पिता भागवत धृतलहरे तथा उनकी मां शाम 7 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा पहुंचे। और इस पुनीत कार्य के लिए आरपीएफ पुलिस बल तिल्दा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।।



## अल्ट्राटेक के हड़तालियों ने परिवार सहित निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

तिल्दा के समीपस्थ अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ प्लांट में कर्मचारी मुख्य गेट के सामने हड़ताल पर बैठे हैं बता दें प्लांट के कई यूनिट पहले ही बंद हो गए हैं दो यूनिट चल रहा था लेकिन पिछले दिनों पंचिंग को लेकर हुए विवाद व मारपीट के बाद कर्मचारी हड़ताल पर बैठे और अब प्लांट को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। उक्त मारपीट में प्लांट के अधिकारियों कर्मचारियों को भी काफी चोट आई थी।

वहीं हड़ताल में बैठे कर्मचारियों ने शुक्रवार को बैकुंठ से तिल्दा पैदल मार्च कर काफी लंबी रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और यहां पर एसडीएम को अपनी चार सूत्रीय मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। मजदूरों का कहना है निलंबित श्रमिकों को वापस लिया जाए मारपीट की घटना के बाद थाना में एफआईआर दर्ज की गई है उसे भी वापस लिया जाए, साथ ही पहले निकाले गए 150 श्रमिकों को दोबारा काम पर वापस रखा जाए और बोनस पूर्ववत किया जाए यह चार प्रमुख मांगे हैं ,विशाल रैली में हड़ताली मजदूर उनके परिजन सहित कई जनप्रतिनिधि भी इस रैली में शामिल हुए, साथ ही प्लांट के मजदूर नेताओं का कहना है कि अगर 30 तारीख तक मांगे नहीं मानी गई तो 31 अक्टूबर को पुराने विधानसभा से पैदल मार्च कर नए विधानसभा तक सारे मजदूर पैदल मार्च करेंगे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।



इस अवसर पर रैली में कम्पनी के तीनों श्रमिक संगठन के पदाधिकारी सहित शैलेश नितिन त्रिवेदी , जनक राम वर्मा एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी, नागरिकगण उपस्थित हुए।

## ऑनलाइन ट्रेंड से टेलरिंग व्यवसाय ठप, संकट में कारीगरों का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

आधुनिकता और ऑनलाइन बाजार की बढ़ती लहर ने पारंपरिक टेलरिंग व्यवसाय को गहरा झटका दिया है। त्योहारी सीजन में जहां पहले कपड़ा सिलवाने के लिए टेलरों की दुकानों में भीड़ लगी रहती थी, वहीं अब स्थिति उलट चुकी है। भानसोज क्षेत्र के प्रसिद्ध टेलर महेंद्र देवांगन ने बताया कि पहले दीपावली जैसे त्योहार के 10-15 दिन पहले तक कपड़े सिलवाने आने वाले ग्राहकों की भीड़ इतनी होती थी कि समयाभाव के कारण कई ग्राहकों को वापस करना पड़ता था। लेकिन इस बार हालात बिल्कुल बदले हुए हैं।उन्होंने बताया, अब हमारे पास पिछले साल की अपेक्षा केवल 25 प्रतिशत ही सिलाई का काम है। लोग तैयारमाल ऑनलाइन या बड़े ब्रांडेड शोरूम से खरीद रहे हैं। ऐसे में न तो ग्राहकों की भीड़ है और न ही पहले जैसी रौनक।टेलरिंग व्यवसाय से जुड़े अन्य कारीगरों का कहना है कि ऑनलाइन खरीदारी और रेडीमेड कपड़ों के सस्ते विकल्पों के चलते अब सिलाई-कढ़ाई का पारंपरिक रोजगार लगभग समाप्ति की ओर बढ़ चला है।पहले एक दुकान में 3 से 4 कारीगर कार्यरत रहते थे, लेकिन अब काम की कमी से कई दुकानों में केवल मालिक स्वयं ही काम संभाल रहे हैं। इससे क्षेत्र में छोटे टेलरिंग यूनिट्स बंद होने की कगार पर हैं।स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो आने वाले समय में पारंपरिक सिलाई-कला पूरी तरह लुप्त हो जाएगी, जो न सिर्फ रोजगार का स्रोत थी बल्कि स्थानीय संस्कृति का हिस्सा भी थी।



## दीपावली पर जगह-जगह सुआ नृत्य की धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

इन दिनों अंचल के गांव-गांव में सुआ नृत्य की धूम मची है। दीपावली का पर्व पास आते ही बालिकाएं व महिलाएं घर घर व गली मोहल्ले में समूह में पहुंचकर सुआ गीत के साथ नृत्य करती है। जिसमें अनेक धार्मिक और सामाजिक संदेश परक गीत गाकर गोल घेरा में तालियों की थपोलियों बजाकर नृत्य करती है। यह नृत्य समूह में किया जाता है जिसमें किसी भी प्रकार के वाद्ययंत्रों की आवश्यकता नहीं होती। जिसमें कुछ बालिकाएं व युवतियां गीत गाती है जिसे शेष लोग दोहराती हुए नाचती है। सुआ नृत्य के समापन पर सुआ के लिए अन्न धन मांगती है। अन्न धन मिलने पर आशीर्वाद स्वरुप गीत गाकर आशीष देती है। सुआ नृत्य की परंपरा कब से चली आ रही है इसकी कोई लिखित साक्ष्य नहीं है। सुआ एक शाकाहारी पक्षी है जो हू बहू मनुष्य की आवाज निकाल सकती है। कुछ लोगों का कहना है पहले युवतियां अपनी मन की बातों को सुआ पक्षी के सामने प्रकट करती रही होंगी जो आगे चलकर गीत और बाद में नृत्य का रूप ले ली होंगी। वहीं संस्कृति प्रेमी शिक्षक महेन्द्र पटेल का कहना है सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रचा बसा है।





### अंचल में देर रात तक सुआ नृत्य

**आरंग।** दीपावली पर्व के अवसर पर पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक इन दिनों गांव-गांव में देखने को मिल रही है। रात 10 बजे तक घर-घर जाकर बालिकाओं की टोली उत्साहपूर्वक सुवा नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं।बालिकाएं दोनों हाथ मे चुस्का बजातेऔर सुआ गीतों की लय से पूरा माहौल लोकसंगीतमय बन गया है।भानसोज कुकरा संडी नारा फरफौद लखौली, पलौद गोढ़ी सहित आसपास के गांवों में छोटी-छोटी बालिकाएं पारंपरिक परिधान धारण कर सुवा गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर रही हैं। यह नृत्य जहां ग्रामीण संस्कृति की पहचान है, वहीं अब इसका स्वरूप बदलता भी नजर आ रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पहले जहां महिलाएं समूह बनाकर सुवा नृत्य करती थीं, वहीं अब यह परंपरा धीरे-धीरे बालिकाओं तक सीमित होती जा रही है। आधुनिकता के प्रभाव और समयाभाव के कारण वयस्क महिलाओं की भागीदारी में स्पष्ट कमी आई है।

**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 730 - ए, रकबा 1,08,962 वर्गफीट (2.50 एकड़) भूमि का आबंटन उत्पाद **RCC HUME PIPES, FENCING POLES, SEPTIC TANKS, WATER TANKS AND OTHER CEMENT PRODUCTS, SURGICAL BANDAGES, SURGICAL GLOVES ABSORBENT COTTON & MATERNITY PAD** उद्योग हेतु 99 वर्ष की लीज पर मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के पक्ष में किया जाकर पट्टाविलेख निष्पादन दिनांक 07/02/1986 में संशोधन डीड का दिनांक 15/04/2014 को निष्पादित किया गया। इकाई ने अपने पत्र दिनांक 01.09.2025 के द्वारा अवगत कराया कि उनके द्वारा फर्म को रक्त अंतरण में पट्टा हस्तांतरण मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज प्रोपराईटर-श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी ने इस आशय का शपथ पत्र दिनांक 02.09.2025 को दिया है, कि फर्म में मात्र एकल उत्तराधिकारी है। औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला-रायपुर के भूखण्ड क्रमांक 730-ए, रकबा 1,08,962 वर्गफीट (2.50 एकड़) को श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी के नाम पर पट्टाभिलेख में दर्ज कराने एवं भूमि अंतरण /हस्तांतरण किये जाने हेतु उत्तराधिकारी के रूप में लिखित सहमति दिनांक 01/09/2025 दी है। प्रकरण में उक्त इकाई के स्वामित्व में रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में सीएसआईडीसी, रायपुर द्वारा इकाई के प्रोपराईटर- श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के स्वामित्व में परिवर्तन करने संबंधी उक्त इकाई की संपत्ति का स्वामित्व (उत्तराधिकारी) "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि तथा भवन प्रबंधन नियम-2015" के प्रावधानों के अंतर्गत प्रोपराईटर-श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के नाम पर हस्तांतरण हेतु आदेश पारित किया जाना है एवं उक्त संपत्ति को श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज, औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला- रायपुर के नाम लीज का निष्पादन किया जाना है। यदि उक्त इकाई की संपत्ति के रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण संव्यवहार एवं नाम परिवर्तन के संबंध में संबंधित परिवार के किसी वैध उत्तराधिकारी/ किसी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मय पुष्ट दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति अवैधानिक एवं शून्य होगी।

दिनांक /10/2025

**(आलोक कुमार त्रिवेदी)**
**कार्यपालक संचालक**

**:: आम सूचना ::**

**(ग्राम कुर्रू प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ0ग0 में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 208 / 2 रकबा 0.2700 हे. ख.नं. 208/3 रकबा 1.4500 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.7200 हे. भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीनी श्रीमती पलक नरवानी पति श्री उमेश कुमार नरवानी निवासी जैन मंदिर के पास, सनमती नगर, फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कुर्रू प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 208/2 रकबा 0.2700 हे. ख.नं. 208/3 रकबा 1.4500 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.7200 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/ संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें, बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 18/10/2025

**आशीष तिवारी**
**(अधिवक्ता)**
पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने, रावतपुरा कॉलोनी फेस-1, मठपुरैना रायपुर छ.ग.
मो. नंबर- 9827981229, 8319582060

## ग्रामीण क्षेत्रों में चाकूबाजी और लूटमार की वारदात से दहशत

**सिलयारी।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चाकू बाज सक्रिय हो गए हैं। दिवाली के मद्देनजर सड़कों में भीड़ बढ़ गई है। लिहाजा बदमाशों का गैंग राहगीरों को लूटने में लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में युवकों का गैंग घूम-घूमकर राहगीरों को चाकू की नोक पर लूट और मारपीट कर रहे हैं। आए दिन की घटना से लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा परेशान रात में ड्यूटी आने-जाने लोग है।

क्योंकि रात में ड्यूटी से छूटने या ड्यूटी पर जाने के लिए आना-जाना करना पड़ता है। क्षेत्र जब से औद्योगिक क्षेत्र में तब्दील हुआ है तब से आपराधिक मामले बढ़ गए हैं। आए दिन चाकूबाजी और लूटपाट की घटना खुलेआम हो रही है। देर रात तक सड़कों में भी छपरी, लफंगे, गुंडे, बदमाशों का गैंग बैठे रहते हैं। आम रास्तों पर शराबखोरी और नशेबाजी खुलेआम हो रही है। बदमाशों का गैंग आम लोगों का रास्ता रोकते हैं और चाकू की नोक पर मोबाइल, बाइक और पैसा छीनकर भाग जाते हैं। मढ़ी (बंजारी), जंजगीरा, कोदवा, नकटी,कपसदा , कोल्हान नाला रैता,इलाकों में आए दिन लूटपाट की घटनाएं सामने आ रही है।

देर रात तक सड़कों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कंपनी में काम करने वाले बाहरी लोग भी झुंड बनाए बैठे रहते हैं। चाकूबाजों से आसपास के लोग भयभीत है। ग्रामीणों ने बताया कि, बाइक सवार बदमाश राहगीरों को रोककर लूटमार करते हैं और लूट का विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर देते हैं। लगातार घटनाएं से ग्रामीण व राहगीरों में भय बना हुआ है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों ने की है।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राज्य का आदि कर्मयोगी अभियान और पीएम जनमन योजना में सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राज्य को आज भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। यह सम्मान दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। राज्य सरकार और जनजातीय विकास विभाग की ओर से यह सम्मान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने राष्ट्रपति से प्राप्त किया।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इस मौके पर पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में जनजातियों और विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिलों में जनजातियों के विकास में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुआल ओराम तथा राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके, जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव विभु नायर भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ को किया सम्मानित



### पांच जिलों को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड'

कार्यक्रम में धमतरी और कोरिया जिलों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनजाति विभाग के स्टेट ट्रेनर ललित शुक्ला को भी व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मोहला-मानपुर, बालोद, दंतेवाड़ा और धमतरी जिलों को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड' मिला, जो इस बात का प्रमाण है कि जनजातीय सेवा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को राज्य के प्रत्येक जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस मौके पर धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा, कोरिया कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी, बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ऋण पुस्तिका छपवा नहीं पा रहे तो उसकी उपयोगिता समाप्त कर दी



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार ने कृषि भूमि की रजिस्ट्री के समय ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त कर दी। सरकार का यह कदम अदूरदर्शी है। ऋण पुस्तिका एकमात्र ऐसा दस्तावेज है, जो राजस्व विभाग की तरफ से भू-स्वामी के अधिकार को प्रमाणित करता है। सरकार द्वारा ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करने से फर्जी रजिस्ट्री और धोखा होने की संभावना बढ़ जाएगी। सरकार नई ऋण पुस्तिका की छपवाई नहीं कर पा रही तो उसने इसकी उपयोगिता ही समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया।

### भाजपा कार्यालय में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी थीम पर रंगोली



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दिवाली व धनतेरस के पावन पर्व पर आज हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी थीम पर रंगोली बनाकर स्वदेशी का संदेश दिया। रंगोली बनाने में महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी मदद की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, विधायक अनुज शर्मा, महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, अशोक बजाज, चंदूलाल साहू, मितुल कोठारी एवं प्रीतेश गांधी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीएम के सलाहकार सहित तीन आयोग अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा सहित तीन आयोग के अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश में रूप नारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग को कैबिनेट मंत्री, बिसेसर पटेल अध्यक्ष गोसेवा आयोग, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा को कैबिनेट मंत्री और विश्व विजय सिंह तोमर अध्यक्ष युवा आयोग को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान करता है।

## पहली सूची के छह माह बाद भी समाप्त नहीं हो रहा है भाजपा नेताओं का इंतजार

# निगम, मंडल और आयोग की दूसरी सूची के लिए लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में बचे पदों के लिए भाजपा नेताओं को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। पहली सूची इस साल अप्रैल में नवरात्रि के समय आई थी। संभावना जताई जा रही थी, दीपावली के पहले दूसरी सूची जारी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। अब दीवापली के बाद ही इसके जारी होने की संभावना है। वैसे दूसरी सूची के ज्यादातर पदों के लिए नामों पर मंथन हो गया है और राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा भी हो गई है, लेकिन सूची जारी कब होगी, यह किसी को मालूम नहीं है।



प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। पहले संभावना जताई गई कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से भी लौटने के बाद सूची जारी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद नवरात्रि में सूची जारी होने की बात सामने आई, लेकिन नवरात्रि भी निकल गई। इसके बाद कहा गया दीपावली से पहले सूची जारी हो सकती है, लेकिन अब तो दीपावली भी आ गई है।

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा।

# पीएम के स्वागत की तैयारियों का डिप्टी सीएम साव, मंत्री चौधरी ने लिया जायजा

## राज्योत्सव की थीम "25 वर्षों की विकास यात्रा" होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर सरकार भव्य आयोजन करने जा रही है। नवा रायपुर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउंड में आयोजन की तैयारी का जायजा लेने के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ ओपी चौधरी सहित मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर की रात्रि राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और अगले दिन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान नए विधानसभा भवन के लोकार्पण और राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर सभाएं होंगी। राज्योत्सव का आयोजन रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालयों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम (2 से 4 नवंबर) के रूप में किया जाएगा।



### स्थानीय कलाकार देंगे प्रस्तुति

स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। शासन ने निर्देश दिया है कि ये कार्यक्रम शालीन और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हों, किसी प्रकार की अभद्रता या आपत्तिजनक प्रस्तुति नहीं होनी चाहिए।

### 25 वर्षों की विकास यात्रा

राज्योत्सव की थीम "25 वर्षों की विकास यात्रा" रहेगी। थीम के तहत राज्य के सभी जिलों में विभागीय उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रत्येक जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी, जिनमें राज्य के 25 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा।

# स्पीकर-सीएम गुरु खुशवंत साहेब के गृहप्रवेश कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नवा रायपुर स्थित नवीन शासकीय आवास के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय के धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब को उनके जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी उन्हें बधाई दी।



# जंगल सफारी के अफसरों की लापरवाही से बाघिन की मौत, राज्यपाल को डॉ. महंत का पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, मुझे प्राप्त जानकारी के अनुसार एशिया के सबसे बड़े मानव निर्मित जंगल सफारी में बेजुबान वन्यजीवों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। समय पर सही इलाज नहीं मिलने के कारण जंगल सफारी की एक युवा बाघिन "बिजली" की हाल ही में अकाल मृत्यु हो गई। यह प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति है।



बिजली नामक इस बाघिन ने फरवरी 2025 में दो शावकों को जन्म दिया था, जिसमें से एक शावक मृत पैदा हुआ तथा दूसरा शावक बहुत कमजोर तथा अस्वस्थ पैदा हुआ और कुछ दिनों बाद उसकी भी मृत्यु हो गई। बाघिन जब गर्भवती थी, तभी से वह अस्वस्थ रहने लगी थी, परंतु मुख्य वाइल्ड लाइफ वार्डन तथा जंगल सफारी के संचालक की घोर उपेक्षा तथा अयोग्य पशु चिकित्सकों के कारण उसका सही इलाज नहीं हुआ। जंगल सफारी के डॉक्टर का यह कहना है कि वहां सोनोग्राफी मशीन तो है, किंतु उसे आपरेट करने वाला तकनीशियन नहीं है। इसके कारण समय पर जांच नहीं की जा सकी और बाघिन की बीमारी का पता नहीं चला।

## :: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 730 - ए, रकबा 1,08,962 वर्गफीट (2.50 एकड़) भूमि का आबंटन उत्पाद **RCC HUME PIPES, FENCING POLES, SEPTIC TANKS, WATER TANKS AND OTHER CEMENT PRODUCTS, SURGICAL BANDAGES, SURGICAL GLOVES ABSORBENT COTTON & MATERNITY PAD** उद्योग हेतु 99 वर्ष की लीज पर मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के पक्ष में किया जाकर पट्टाविलेख निष्पादन दिनांक 07/02/1986 में संशोधन डीड का दिनांक 15/04/2014 को निष्पादित किया गया। इकाई ने अपने पत्र दिनांक 01.09.2025 के द्वारा अवगत कराया कि उनके द्वारा फर्म को रक्त अंतरण में पट्टा हस्तांतरण मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज प्रोपराईटर-श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी ने इस आशय का शपथ पत्र दिनांक 02.09.2025 को दिया है, कि फर्म में मात्र एकल उत्तराधिकारी है। औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला-रायपुर के भूखण्ड क्रमांक 730-ए, रकबा 1,08,962 वर्गफीट (2.50 एकड़) को श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी के नाम पर पट्टाभिलेख में दर्ज कराने एवं भूमि अंतरण /हस्तांतरण किये जाने हेतु उत्तराधिकारी के रूप में लिखित सहमति दिनांक 01/09/2025 दी है। प्रकरण में उक्त इकाई के स्वामित्व में रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण की कार्यवाही किया जाना है, जिसके परिप्रेक्ष्य में सीएसआईडीसी, रायपुर द्वारा इकाई के प्रोपराईटर- श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के स्वामित्व में परिवर्तन करने संबंधी उक्त इकाई की संपत्ति का स्वामित्व (उत्तराधिकारी) "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि तथा भवन प्रबंधन नियम-2015" के प्रावधानों के अंतर्गत प्रोपराईटर-श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज के नाम पर हस्तांतरण हेतु आदेश पारित किया जाना है एवं उक्त संपत्ति को श्री सेवकराम प्रेमचंदानी पिता स्व. श्री शोभामल प्रेमचंदानी मेसर्स दिनेश इण्डस्ट्रीज, औद्योगिक क्षेत्र उरला, जिला- रायपुर के नाम लीज का निष्पादन किया जाना है। यदि उक्त इकाई की संपत्ति के रक्त संबंधी अंतरण/ हस्तांतरण संव्यवहार एवं नाम परिवर्तन के संबंध में संबंधित परिवार के किसी वैध उत्तराधिकारी/ किसी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति मय पुष्ट दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति अवैधानिक एवं शून्य होगी।

दिनांक /10/2025

(आलोक कुमार त्रिवेदी)
कार्यपालक संचालक

## :: आम सूचना ::

**(ग्राम कुरूं प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ0ग0 में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 208 / 2 रकबा 0.2700 हे. ख.नं. 208/3 रकबा 1.4500 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.7200 हे. भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीनी श्रीमती पलक नरवानी पति श्री उमेश कुमार नरवानी निवासी जैन मंदिर के पास, सनमती नगर, फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम कुरूं प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 208/2 रकबा 0.2700 हे. ख.नं. 208/3 रकबा 1.4500 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.7200 हे. भूमि है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/ संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें, बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 18/10/2025

आशीष तिवारी
(अधिवक्ता)
पता- साहू किराना स्टोर्स के सामने, रावतपुरा कॉलोनी फेस-1, मठपुरैना रायपुर छ.ग.
मो. नंबर- 9827981229, 8319582060

HEALTH TOWN

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank B.A.M.S. Nadi vaidya Sri Sri tattva Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो साथ में आर्कषक उपहार पाओ
एक चार्जिंग में 50 कि.मी. से 120 कि.मी. की रेन्ज वाली भारत की सबसे सस्ती इलेक्ट्रीक स्कूटर
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टाट
MRP. 6700/- Free Gift
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें
यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे FREE DEMO CLASS बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
लोडर 160000/- में ऑन रोड
दोपहिया वाहन रु 38000/- मात्र से शुरू
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध है और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध है
न्यूनतम डाउनपेमेंट 25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैरस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

UNIQUE & RELIABLE STORE FOR PERFECT GIFTS
D ART
सजाएं अपना घर
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग
वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लॉवर पॉट
अर्टिफिशियल प्लान्ट्स एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स
D'Art
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. 9300015858, 7415800058

DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment
3 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
XO 501/- में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

BAXY Mobility
भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
■ तत्काल फायनेंस की सुविधा
■ 15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
■ 120 किलोमीटर तक की रेंज
■ 130/135 AH की बैटरी के साथ
■ मजबूत एवं भरोसेमंद ■ लो मेंटनेंस
दीवाली धमाका मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर LED TV फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Interio's
World of Interiors & Modular Kitchen
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333


दीपावली की शुभकामनाएँ!
दीपोत्सव की शुभ बेला पर
घर को दीजिए नया रूप
पाएं फर्नीचर पर
UP TO 60% OFF
ON SELECTED FURNITURE RANGE
फेस्टिवल धमाका
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
फर्नीचर खरीदने से पहले
एक बार अमित सेल्स जरूर पधारें
नया स्टॉक उपलब्ध
100+ DINING SET RANGE
100+ CENTRE TABLE RANGE
आज शोरूम खुला रहेगा
आधुनिक फर्नीचर का विशाल संग्रह
• बेडरूम सेट • डाईनिंग सेट • आउटडोर फर्नीचर • स्टील अलमारी • सेंटर टेबल • सोफा सेट
• रैकलाइनर • सोफा कम बेड • शो-केश • कस्टमाइज्ड की सुविधा उपलब्ध
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क: 07714091000, 9926127001
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर


A TATA Product
VOLTAS
Brighten Diwali
with Smart Comfort
Celebrate with sparkling offers from Voltas
HAPPY Diwali
Fixed EMI
of ₹2950 with TVS Credit
Zero Down Payment Schemes
Finance at zero down payment with 10, 8 & 6 month tenures.
Long Tenure Schemes
Upto 18-month EMI across major financiers on select ACs.
cashback of up to ₹6,000
Low Down Payment Schemes
Low down payment option with 10-month EMI via Bajaj.
Free installation
5 year warranty
With gas charging worth ₹7,550
Now with GST at 18%*
*Limited time period offer *Offer & Cashback amount will vary product wise.
*Festive offers valid for a limited time on select products.
Limited Period Offer
*T&C Apply
Visit us at: www.voltas.com
To locate your nearest store,
log on to:www.voltas.com/apps/store-locator
Voltas 24x7 Customer Service - 1860 599 4555, 9650694555
For product registration, SMS <WTA> to 9289525321
Buy only genuine Voltas stabilizers.
Follow us at: My Voltas My Voltas myvoltas
Voltas Limited - A TATA Enterprise My Voltas
VOLTAS THE BRAND SHOP
एक समझदारी भरा फैसला संपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
संपर्क : 88199 00083
आज शोरूम खुला रहेगा

## खबर संक्षेप

### मैथिली ओजस्विता पत्रिका का विमोचन



**रायपुर।** मैथिली महिला मंडल द्वारा प्रथम प्रकाशित पत्रिका "मैथिली ओजस्विता" का गरिमामय विमोचन समारोह एवं आनंद मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विगत दिनों पुरानी बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर टूरीहटरी परिसर में किया गया। आनंद मेले में महिला सदस्यों द्वारा पारंपरिक व्यंजनों, बड़ी, बिजौरी, पापड़ आदि के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी, कवि, साहित्यकार एवं लेखक संजीव कुमार ठाकुर, शोभिता पाठक, डॉ. सुमन मिश्रा, आनंद मोहन ठाकुर, स्नेहलता झा, विजय झा, भावना ठाकुर, सुमन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### दीपावली पर भंडारा और सेवा कार्यक्रम



**रायपुर।** युवा सेवा संघ एवं महिला उत्थान मंडल की ओर से वीआईपी रोड स्थित संत आशाराम आश्रम में दीपावली के अवसर पर भंडारा और सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंदों को जीवन उपयोगी सामग्री बाल्टी, चटाई, मिठाई, दीया, रुई बाती, लाई बतासा, स्टील थाली, साड़ी, तेल, गमछा, अरहर दाल जैसी वस्तुएं वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में भजन कीर्तन, सत्संग एवं दीप प्रज्वलन किया गया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता मुंदड़ा ने मनाया जन्मदिन



**रायपुर।** भाजपा नेता छगन लाल मुंदड़ा ने शनिवार को खम्हारडीह स्थित अपने निज निवास पर सादगी के साथ जन्मदिन मनाया। इसी दौरान सुबह 10 बजे श्री मुंदड़ा ने स्व. मनोज प्रजापति मित्र समूह संग धनतेरस के दिन जगन्नाथ नगर में बच्चों को पटाखे वितरित किए। साथ ही गोशाला में गोमाता को गुड़ और चारा खिलाया। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, मंत्री टकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित अनेक भाजपा सदस्य उपस्थित रहे।

### कटोरा तालाब में बांटे रंगोली, दीए और पटाखे



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई और कटोरा तालाब व्यापारी संघ द्वारा निशुल्क रंगोली, दीए और पटाखे वितरित किए गए। बच्चे को जब पटाखे के पैकेट मिले तो वे खुशी से झूमते हुए पैकेट लेकर गए। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, कटोरा तालाब व्यापारी संघ अध्यक्ष तेजकुमार बजाज, पार्षद अमर गिदवानी, तेजकुमार बजाज, सुरेश सहगल, मनोहर चंदानी आदि उपस्थित थे।

### असहाय बुजुर्गों के बीच पहुंचकर बांटी खुशियां



**रायपुर।** दीपावली के अवसर पर एक प्रयास संस्था ने राजधानी गोलबाजार के प्राचीन शनि मंदिर में शनिवार को असहाय बुजुर्गों को दीप, मिठाई, पटाखे और फल वितरित किए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सत्तू सिह ने कहा कि दीपावली पर शहर के असहाय लोगों के बीच उनके जरूरतें पूरी हों और त्योहार को उत्साह से मनाएं, जिससे उन्हें अकेलापन महसूस न हो सके। इस दौरान उपाध्यक्ष संजय सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# त्योहारी सीजन में रोज निकल रहा 610 मीट्रिक टन कचरा, सामान्य दिनों की तुलना में 40 टन ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार की तैयारी में जुटे शहरभर से रोज इन दिनों 610 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से निकल रहा है।

- **रामकी के 258 सफाई वाहनों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन**

यह मात्रा सामान्य दिनों में रायपुर शहर से निकलने वाले कूड़ा की तुलना में 40 मीट्रिक टन ज्यादा है। सामान्य दिनों में रोजाना औसतन 570 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा दस जोन के 70 वार्डों से निकलता है। इसमें रामकी कंपनी अपने 258 सफाई वाहनों से सकरी स्थित लैंडफिल साइट पर परिवहन कर कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन करती है।

शहर को साफ रखने नगर निगम से अनुबंधित सफाई एजेंसी रामकी ने त्योहारी सीजन को देखते हुए अपने सफाई वाहनों की टाइमिंग बढ़ा दी है। पहले शहरभर का कूड़ा उठाने सफाई वाहन सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक अलग-अलग इलाकों से घरों और दुकानों से कचरा कलेक्ट कर सेकेंडरी पाइंट पहुंचाते थे, पर दीपावली पर्व को देखते हुए निगम से अनुबंधित एजेंसी ने सफाई वाहनों की टाइमिंग 2 घंटे बढ़ा दी है। अब प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे तक सफाई वाहन फेरा लगा रहे हैं।

## सामान्य दिनों में निकलता है औसतन 570 मीट्रिक टन कचरा



### प्रतिदिन 4 से 5 ट्रिप कचरा परिवहन

शहर की सफाई में लगी रामकी के सफाई वाहन प्रतिदिन औसतन 3 ट्रिप कचरा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से कलेक्ट कर सेकेंडरी पाइंट तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, पर प्रति गाड़ी फेरों की संख्या बढ़कर 4 से 5 ट्रिप कर दी गई है। यहीं नहीं शहर के आउटर इलाके में सर्वे के बाद अनुबंधित एजेंसी अब 9 नई गाड़ी नए इलाके में उतारने की तैयारी में है, ताकि आने वाले दिनों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का दायरा बढ़ाया जा सके। इससे नगर निगम को यूजर चार्ज के रूप में अतिरिक्त आमदनी होगी। वहीं छूटे हुए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन होने से लोगों को राहत मिलेगी।

## महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की दूसरी सामान्य सभा

# सामान्य सभा 29 को, 16 एजेंडों पर चर्चा
# प्रश्नकाल के लिए 15 पार्षदों ने लगाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा 29 अक्टूबर को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने सामान्य सभा की तारीख तय कर दी है। 16 एजेंडे पर सदन में चर्चा होगी। एजेंडा शुरू होने से पहले 1 घंटे का प्रश्नकाल होगा, जिसमें जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्षदों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब संबंधित भारसाधक सदस्य को सदन में देना होगा। इस बार की सामान्य सभा के लिए 15 पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं।

- **एक घंटे का प्रश्नकाल, सभापति सूर्यकांत राठौर पर्ची निकालकर करेंगे प्रश्नों का चयन**

नगर निगम की 29 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा हंगामेदार हो सकती है। प्रश्नकाल में विपक्षी पार्षदों के साथ ही भाजपा के पार्षद भी प्रश्नकाल में जनहित के मुद्दों पर सवाल का जवाब सुनने उत्साहित हैं।

## इन पार्षदों ने लगाए प्रश्नकाल में सवाल

**संदीप साहू पार्षद, वीर सावरकर नगर वार्ड**

प्रश्न 1. रायपुर नगर निगम के अंतर्गत वर्तमान में कितने स्ट्रीट लाइट की खरीदी की गई है, किस एजेंसी से खरीदी हुई, दर क्या है?

प्रश्न 2. नगर निगम के अंतर्गत जिन-जिन जगहों पर अवैध प्लाटिंग हुई है या हो रही है, उन पर क्या कार्रवाई की गई है, भविष्य में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए आपके द्वारा क्या एक्शन प्लान तैयार किया गया है?

**आकाश तिवारी पार्षद, पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड**

प्रश्न 1. जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या कार्य योजना तैयार की है, जिससे आने वाले समय में लोगों को इससे राहत मिल सके?

प्रश्न 2 . इस बार गर्मी के सीजन में किन-किन वार्डों में पेयजल की समस्या हुई, कितने पानी टैंकर चलाए गए? बीते वर्ष गर्मी में कितने पानी के टैंकर चलाए गए इसकी पूरी जानकारी सदन को दें?

प्रश्न 3 . लभांडी और फुंडहर पानी टंकी का कार्य जल आपूर्ति के लिए पूरा हो चुका है या नहीं?

**रेणु-जयंत साहू पार्षद, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

प्रश्न 1. नगर निगम के स्थापना व्यय भार की




वर्तमान स्थिति और प्रतिनियुक्ति के कारण स्थापना व्यय पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार की जानकारी दें?

प्रश्न 2. वीआईपी गैंग, महापौर सेल, सेंट्रल गैंग और उद्यान गैंग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के नाम सहित सूची प्रदान करें?

**कृष्णा-बब्बी सोनकर पार्षद, वामनराव लाखे वार्ड**

प्रशन 1. संपत्ति कर संकलन की वर्तमान स्थिति क्या है, प्राप्त कर का 15 फीसदी हिस्सा वार्ड विकास में लगाये जाने की पूर्व में निगम प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी, उसकी क्या हुआ ?

प्रश्न 2. सभी वार्ड में पट्टा वितरण की प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, ताकि हितग्राही को पीएमएवाय 2.0के तहत कर रहे आवेदन का लाभ मिल जाए?प्रश्न 3 : प्रोफेसर कालोनी में जलभराव प्रभावित क्षेत्र में स्थायी नाला और ड्रेनेज सिस्टम बनाने के लिए निगम द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है ?

**शेख मुसीर पार्षद, अब्दुल हमीद वार्ड**

प्रश्न 1. रायपुर स्मार्ट सिटी की 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना कब तक पूरी होगी, कितना कार्य इसमें हुआ और कितना भुगतान कंपनी को किया गया ?इस योजना को नगर निगम आगे कैसे व्यवहारिक बनाएगा, उसे लेकर पूरा प्लान क्या है? प्रश्न 2 स्ट्रीट डाग के लिए बनाए जा रहे डॉग शेल्टर हाउस कब तक बनेगा, कुत्तों की नसबंदी करने लाने -ले जाने की क्या व्यवस्था है, अब तक कितने कुत्तों की नसबंदी की गई ?

इसी तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू सहित भाजपा पार्षदों ने भी प्रश्नकाल के लिए जनहित से जुड़े विषयों से संबंधित प्रश्न लगाए हैं।

# दिवाली के दिन छींटे पड़ने की संभावना, शनिवार को सबसे गर्म रहा रायपुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार और सोमवार यानी दिवाली के दिन प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्से में बारिश के छींटे पड़ सकते हैं। ठहराव जैसी स्थिति में आ चुके मौसम में इसका बड़ा बदलाव नहीं होगा। अभी सुबह-सुबह ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में उमस महसूस हो रही है। शनिवार को रायपुर का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया।

- **सुबह-सुबह महसूस हो रही हल्की ठंड, दिन में उमस**

मानसून की विदाई के बाद ठहर चुके मौसम में किसी तरह का बदलाव नहीं हो रहा है। वातावरण में मौजूद नमी और स्थानीय प्रभाव से अगले दो दिन सरगुजा, बिलासपुर और रायपुर संभाग के कुछ इलाकों में छींटे पड़ने की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों यानी नवंबर में उत्तरी इलाकों में ठंड का प्रभाव हो सकता है। मध्य में ठंड असरदार होने के लिए दिसंबर तक इंतजार करना पड़ सकता है।

### दिनभर उमस भरी गर्मी रही

अभी ठंड का अनुभव सुबह के वक्त हो रहा है। दिनभर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है और शनिवार को रायपुर का तापमान राज्य में सबसे अधिक 32.2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री सेल्सियस है। राज्य में ठंड महसूस होने के लिए मौसम में शुष्कता आने के साथ हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पूर्व होने की जरूरत है। अभी प्रदेश में पश्चिम की हवा आ रही है जो नमी लिए हुए है।

# एनआईटी की टीम पहुंची जोन कार्यालय, सफाई मित्रों को बनाया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता को लेकर एनआईटी की टीम शनिवार को अग्रसेन चौक स्थित नगर निगम के जोन 7 कार्यालय पहुंची। डॉक्टर सौम्या अग्रवाल सहित शिक्षकों के दल का जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू ने स्वागत किया। टीम के विशेषज्ञ शिक्षकों ने जोन 7 स्वास्थ्य विभाग के सफाई मित्रों को विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूक बनाया। यही नहीं, उन्हें जीवन में स्वस्थ और सुरक्षित रहने सुरक्षा उपकरणों का सदुपयोग करने और हेलमेट पहनने की अपील की गई।

- **केंद्र, राज्य सरकार की श्रमिक हितैषी योजना का लाभ उठाने की अपील**

डॉक्टर सौम्या अग्रवाल ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में सफाई मित्रों को जानकारी दी।

केन्द्र सरकार सहित राज्य शासन की श्रमवीर हितैषी योजनाओं का लाभ सभी सफाई मित्रों और उनके परिवारजनों से उठाने की अपील की गई।

# जापान से लौटीं मीनल का एयरपोर्ट पर बैंड बाजे के साथ गजमाला पहनाकर स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जापान के टोयोटा शहर में 14 से 16 अक्टूबर तक हुए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के बाद महापौर मीनल चौबे शनिवार को रायपुर लौटीं। माना विमानतल पर नगर निगम के एमआईसी सदस्यों, पार्षदों सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे का स्वागत करने वालों में एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, महेंद्र खोडियार संतोष साहू, सरिता दुबे, गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडेय, संजना हियाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, प्रीतम ठाकुर, श्वेता विश्वकर्मा, सचिन मेघानी के अलावा पार्षद प्रभा विश्वकर्मा, महेंद्र औसर, आनंद अग्रवाल, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, अर्जुन यादव, कृष्णा सोनकर, भगतराम हरबंश, डॉक्टर मनमोहन मनहरे सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

- **एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और स्वजनों ने किया स्वागत**

# छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स का दीपावली मिलन समारोह 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह 21 अक्टूबर को बांबे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार एवं उद्योग भवन के सभागार में आयोजित है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों और सदस्यों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व खुशहाल जीवन की कामना की है। श्री थौरानी ने चैंबर के सभी सदस्यों को चैंबर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे चैंबर की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु शामिल होंगे।

- **बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभागार में आयोजन, बड़ी संख्या में जुटेंगे व्यापारी बंधु**

## पंडरी स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में दीपावली मिलन 21 को

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा दीपावली मिलन समारोह 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से कैट के प्रदेश कार्यालय, प्रथम तल, पगरिया कॉम्प्लेक्स पंडरी में आयोजित किया जा रहा है। कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि यह आयोजन व्यापारी समाज के बीच आपसी सौहार्द, एकता और उत्साह का प्रतीक है। दीपावली मिलन समारोह में व्यापारी, उद्योगपति, युवा व्यापारी, महिला उद्यमी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा दीपों का यह पर्व हमें उजाले और सकारात्मकता की ओर अग्रसर करता है। हम सब मिलकर 'सशक्त स्वदेशी समृद्ध व्यापारी' के मंत्र के साथ इस पर्व को एकता, उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाएं।

## पेज 11 के शेष ...

### ट्रेनों के जनरल कोच फुल ...

नतीजा ये कि ट्रेनों में अनावश्यक रूप से भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। हरिभूमि ने लंबी दूरी की ट्रेनों का जायजा लिया। हर कोच में 50 से अधिक यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। जनरल बोगी में गमछे और चादर का झूला बनाकर उसमें सफर कर रहे हैं। दो बर्थ के बीच की फर्श की खाली जगह को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिन्हें वहां जगह मिल रही है, वे वहीं चादर बिछाकर लेट जा रहे हैं।

रायपुर से गुजरने वाली दस से अधिक ट्रेनों के जनरल कोच में जबरदस्त भीड़ बढ़ी है। मुंबई-हावड़ा रूट की अधिकतर ट्रेनों के साथ सिकंदराबाद-दरभंगा, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति, पुरी-अजमेर के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं। सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शनः रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24×7 मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें।

### एक्सीडेंट के बाद धमकी से ...

कर ली थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक को राहुल अपनी बाइक से बिरगांव से शुक्रवारी बाजार जा रहा था। इस दौरान राहुल की बाइक सैफ की बाइक से टकरा गई।

### कट्टे की नोक पर पत्नी के ...

से पिटाई करते वीडियो में दिख रहा है। बदमाश, युवक को लगातार डंडे और लोहे की रॉड से पीट रहे हैं। बदमाशों से सहमा युवक लगातार उनसे माफी मांगते हुए मारपीट नहीं करने गिड़गिड़ाता दिख रहा है। वीडियो में विक्की पिस्टल दिखाकर भी युवक को डराते दिख रहा है।

### नर्सिंग का एडमिशन ...

सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इधर बीएससी नर्सिंग की सीटों की संख्या 6421 बताई गई है। इसमें उन 6 जीएनएम कालेजों को शामिल किया गया है, जिन्होंने सीट बीएससी में परिवर्तित की है। उन कालेजों को विभाग भूल गया है जो बीएससी सीटों की संख्या बढ़ाने के अपनी जीएनएम की सीट को अपग्रेड किया गया है। ऐसी सीटों की संख्या करीब 12 सौ बताई गई है। बीएससी के लिए आवेदन के बाद 5908 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई जिसमें 3785 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया है।

पोस्ट बेसिक की 733 सीट अलॉटः राज्य के शाससकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 925 सीटों में 733 का आवंटन किया गया है। इसके लिए 870 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई थी। एमएससी के 960 की प्रावीण्य सूची में 678 सीट के लिए 685 सीटों का आवंटन किया गया है। साइकियाट्रिक की 10 में से 9 सीटों का आवंटन किया गया है और इसके लिए 26 ने अपना आवेदन किया था।

***जीएनएम का शेड्यूल भी जारी :*** स्वास्थ्य संचालनालय ने जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी (जीएनएम) की सीटों पर प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी की है। इसके लिए 22 से 31 अक्टूबर तक आवेदन तथा 6 से 28 नवंबर तक विभिन्न चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल को नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से आगे बढ़ने का निवेदन भी किया है।

